


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 76 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 16 दिसम्बर 2025 डाक 17 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राज कुमार गोयल को मुख्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई।

**देश-विदेश**
आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, जैश के कई आतंकी घिरे, एक जवान बलिदान

**फीचर पेज**
कॉम्पैक्ट पाउडर खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान, मिलेगा सही विकल्प


## कोहरे से कोहराम! यूपी के चार जिलों में हुए भयानक हादसे, 14 लोगों की मौत से दहला प्रदेश




**लखनऊ, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कोहरे के कारण यूपी के कई जिलों में सड़क हादसे हुए हैं। जिनमें 14 लोगों ने अब तक अपनी जानें गंवाई है और कई घायल हुए हैं। प्रदेश के मथुरा, बागपत, उन्नाव और बस्ती में कोहरे के चलते कई गाड़ियां हादसे का शिकार हुई हैं। कल रात करीब 2 बजे यमुना एक्सप्रेस-वे पर आगरा से नोएडा जा रही लेन पर घने कोहरे के बीच तेज रफ्तार में दौड़ रहे कई वाहन आपस में टकरा गए। सात बसों और दो कारों में भीषण आग लग गई।कई लोग वाहनों के अंदर फंस गए, कुछ ने बसों से कूदकर अपनी जान बचाई। अब तक चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। दो दर्जन से अधिक घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो मृतकों की पहचान हुई है। इस हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हृदय विदारक घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के स्वजन को पांच लाख रुपये सहायता देने और घायलों का बेहतर इलाज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

उन्नाव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से जा रही फार्च्यूनर कार बांगरमऊ क्षेत्र में हवाई पट्टी पर रखे बोल्डर से टकराकर पलट गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के सभी एयरबैग खुल गए। हादसे में कार चला रहे युवक समेत चार की मौत हो गई। कोहरे के बीच कार चालक को झपकी लगने की आशंका है। सात मिनट बाद पहुंची पुलिस ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया। संतकबीरनगर से तीर्थनगरी अजमेर जा रही एक निजी यात्री बस ट्रक से भिड़ गई। इस हादसे में चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए।घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा कोतवाली बस्ती के बडेवन फोरलेन के पास सोमवार की आधी रात को हुआ।

मेरठ में दबिश देकर लौटते समय सोमवार देर रात कार बालैनी पुल से हिंडन नदी में गिर गई। उसमें सवार हेड कांस्टेबल समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक कांस्टेबल समेत तीन व्यक्ति घायल हो गए। बालैनी व सिंघावली अहीर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तो कार हिंडन नदी में एक छोर पर क्षतिग्रस्त मिली। कार से पुलिसकर्मी व अन्य लोगों को निकालकर नर्सिंग होम लेकर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने राहुल व अजरुद्दीन को मृत घोषित कर दिया।

## आतंक पर प्रहार... कश्मीर में सीआईके की तड़के बड़ी कार्रवाई

### छापेमारी के लिए सुबह-सुबह पहुंची टीम



**जम्मू-कश्मीर, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर-इंटेलिजेंस विंग मंगलवार को आतंकवाद से जुड़े एक मामले और आतंकवाद के ऑनलाइन महिमामंडन करने के सिलसिले में कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि काउंटर-इंटेलिजेंस कश्मीर ने आतंकवाद से जुड़े एक मामले की चल रही जांच के तहत कश्मीर घाटी में कई जगहों पर एक साथ छापेमारी की। यह मामला आतंकवाद की ऑनलाइन तारीफ और भर्ती गतिविधियों से जुड़ा है। ये छापेमारी पुलवामा, बडगाम, कुलगाम, श्रीनगर, बारामूला, अनंतनाग और कुपवाड़ा सहित सात जिलों में 12 जगहों पर की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि ये सर्च ऑपरेशन पुलिस स्टेशन काउंटर-इंटेलिजेंस कश्मीर में आईपीसी की धारा 153-ए और 505 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 13 और 18 के तहत दर्ज एफआईआर नंबर 03/2023 के सिलसिले में उचित सर्च वारंट हासिल करने के बाद किए जा रहे हैं। यह मामला आतंकवाद से जुड़े अपराधों, खासकर ऑनलाइन आतंकवाद की विचारधारा का महिमामंडन और प्रचार करने से संबंधित है, जिसका मकसद लोगों को कट्टरपंथी बनाना और आतंकवादी संगठनों में भर्ती करना है। जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बल आतंकवादियों, उनके ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और हमदर्दों के खिलाफ आतंकवाद विरोधी अभियान चला रहे हैं। इस रणनीति का मकसद सिर्फ हथियारबंद आतंकवादियों को निशाना बनाने के बजाय आतंकवाद के पूरे सपोर्ट सिस्टम को खत्म करना है।

नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले, ड्रग पेडलर और हवाला मनी रैकेट और दूसरी गैर-कानूनी वित्तीय गतिविधियों में शामिल लोग भी सुरक्षा बलों की नजर में हैं। माना जाता है कि इन गैर-कानूनी गतिविधियों से मिले फंड का इस्तेमाल आखिर में जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद को बनाए रखने के लिए किया जाता है। जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा अंदरूनी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाए जाते हैं। लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) सीमा पार से होने वाली घुसपैठ, बाहर निकलने, ड्रग्स तस्करी और ड्रोन गतिविधियों के खिलाफ पहरा देते हैं।

## डंकी रूट मानव तस्करी मामला: तीन एजेंटों की 5.41 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त



**नईदिल्ली 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जालंधर जोन ने कुख्यात डंकी मार्ग से अमेरिका जाने वाले एक बड़े अवैध आव्रजन और मानव तस्करी रैकेट के संबंध में तीन एजेंटों की लगभग 5.41 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। एजेंसी के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जब्त की गई संपत्तियों में कृषि भूमि, आवासीय और व्यावसायिक परिसर और आरोपी एजेंटों और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर बैंक खाते शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई शुभम शर्मा, जगजीत सिंह और सुरमुख सिंह नामक एजेंटों द्वारा अपराध से अर्जित आय से प्राप्त या उसके समकक्ष संपत्तियों के खिलाफ की गई है, जो लोगों को कानूनी प्रवास के झूठे वादे करके गुमराह करते हुए अवैध रूप से अमेरिका भेज रहे थे।

तीनों हरियाणा के रहने वाले हैं और लंबे समय से डंकी रूट नेटवर्क में अलग-अलग भूमिकाएं निभा रहे थे। अधिकारी ने आगे बताया कि वे युवाओं को निशाना बनाकर उन्हें बहला-फुसलाकर अपने नेटवर्क में मौजूद अन्य एजेंटों के पास भेज देते थे। इसके अलावा, वे विशेष रूप से विभिन्न देशों के लिए हवाई टिकट दिलाने और आगंतुक वीजा की व्यवस्था करने में शामिल थे। फरवरी 2025 में अमेरिकी सरकार द्वारा कथित तौर पर अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने वाले 330 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किए जाने के बाद, पंजाब और हरियाणा पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 (पूर्ववर्ती आईपीसी, 1860) और आव्रजन अधिनियम, 1983 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई कई एफआईआर के आधार पर ईडी ने अवैध आव्रजन और मानव तस्करी रैकेट की जांच शुरू की। ईडी की जांच में पता चला कि आरोपी एजेंट और उनके सहयोगी भोले-भाले लोगों को अमेरिका में कानूनी रूप से प्रवेश दिलाने का लालच देकर उन्हें निशाना बनाते थे और उनसे मोटी रकम वसूलते थे।

### ट्रेलर में जा भिड़ी बस, रतनपुर नेशनल हाइवे में 16 यात्री घायल

**बिलासपुर।** रतनपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर सुबह 5.30 बजे के आसपास तेज रफ्तार बस खड़े ट्रेलर से जा टकराई। दुर्घटना में बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 11 यात्रियों की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार, दर्री पारा के पास हुई सड़क दुर्घटना में बिहार से रायपुर जा रही रॉयल बस खड़े ट्रेलर से जा टकराई। तेज रफ्तार और कम दृश्यता को हादसे की वजह माना जा रहा है। हादसे में गंभीर रूप से घायल यात्रियों को रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सिम्स रेफर किया गया। वहीं दुर्घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाने के साथ यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाया।



## गोवा नाइटक्लब अग्निकांड के बाद बड़ी कार्रवाई नियमों के उल्लंघन के आरोप में 'द केप गोवा' रेस्तरा सील



**नईदिल्ली 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

पंजी उत्तर गोवा के अर्पोरा में स्थित नाइटक्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' में छह दिसंबर को हुए अग्निकांड मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी। ऐसे में अब राज्य सरकरा गोवा में चलने वाले सभी रेस्तरां को लेकर सख्त रुख अपनाती हुई नजर आ रही है। इसी इसी कड़ी में एक मशहूर रेस्तरां 'द केप गोवा' को नियमों के उल्लंघन के चलते सील कर दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान रेस्टोरेंट में कई गंभीर खामियां पाई गईं। प्रशासन के मुताबिक, 'द केप गोवा' ने सुरक्षा से जुड़े जरूरी नियमों का पालन नहीं किया था। फायर सेफ्टी, लाइसेंस और अन्य अनुमति से जुड़े नियमों में गड़बड़ियां सामने आईं, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने साफ कहा कि लोगों की जान से खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गोवा में हुए अग्निकांड के बाद राज्य सरकार ने पूरे इलाके में होटलों, क्लबों और रेस्टोरेंट्स की जांच तेज कर दी गई है। इसी जांच के दौरान 'द केप गोवा' में नियमों का उल्लंघन पाया गया। मामले में प्रशासन ने कहा कि जब तक रेस्तरां सभी जरूरी नियमों को पूरा नहीं करता और अनुमति नहीं ले लेता, तब तक उसे दोबारा खोलने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

## पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट से कटे 58 लाख से ज्यादा नाम, ईसी ने एसआईआर के तहत जारी की लिस्ट




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मंगलवार सुबह चुनाव आयोग ने उन मतदाताओं के नामों की सूची अपनी वेबसाइट पर जारी कर दी, जिन्हें 2026 की ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल से हटा दिया गया है। ये नाम 2025 की मतदाता सूची में थे, लेकिन अब इन्हें बाहर कर दिया गया है। यह कदम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन 2026 के तहत उठाया गया है। आयोग के सूत्रों के मुताबिक, 58 लाख से ज्यादा एसआईआर फॉर्म अनकलेक्टेबल पाए गए, यानी इन्हें जमा नहीं किया जा सका या सत्यापन नहीं हो सका। इन नामों को हटाने की वजहें साफ हैं। कई मतदाता अपने दर्ज पते पर नहीं मिले, कुछ स्थायी रूप से कहीं और शिफ्ट हो गए, तो कुछ की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, कुछ नाम एक से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों में डुप्लीकेट पाए गए। आयोग का कहना है कि मतदाता सूची को साफ-सुथरा और सटीक बनाने के लिए यह जरूरी कदम है। यह सूची अभी आयोग की पोर्टल पर उपलब्ध है।

अगर किसी का नाम गलती से हटा दिया गया है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। आयोग ने साफ कहा है कि प्रभावित व्यक्ति ड्राफ्ट रोल जारी होने के बाद दावा कर सकते हैं। इसके लिए फॉर्म 6 भरना होगा, साथ में डिक्लेरेशन फॉर्म और जरूरी दस्तावेज लगाने होंगे। दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक रहेगी। इस दौरान कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। आयोग इन दावों पर सुनवाई करेगा और सही पाए जाने पर नाम वापस जोड़ा जाएगा।

## नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया और राहुल गांधी को राहत ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से कोर्ट का इनकार



**नई दिल्ली 16 दिसम्बर।** नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के लिए अहम कानूनी जीत के तौर पर देखा जा रहा है। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि मनी लॉन्ड्रिंग की जांच और उससे जुड़ी अभियोजन प्रक्रिया तब तक वैध नहीं मानी जा सकती, जब तक कि अपराध में विधिवत FIR दर्ज न हो। कोर्ट ने कहा कि PMLA (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के प्रावधानों के तहत ED को जांच शुरू करने से पहले संबंधित अपराध में FIR का होना अनिवार्य है। अदालत ने यह भी कहा कि जिस FIR के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच होनी थी, वह अब तक दर्ज ही नहीं की गई है. कोर्ट के अनुसार, CBI ने अब तक इस मामले में FIR दर्ज करने से परहेज किया है, जबकि ED ने बिना FIR के ही ECIR दर्ज कर जांच आगे बढ़ा दी।

अदालत ने इसे कानून के अनुरूप नहीं माना। कोर्ट ने अपने निष्कर्ष में कहा कि FIR के अभाव में न केवल मनी लॉन्ड्रिंग की जांच बल्कि उससे जुड़ी अभियोजन शिकायत भी बनाए रखने योग्य नहीं है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी निजी व्यक्ति द्वारा दायर शिकायत के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में संज्ञान लेना कानूनन अस्वीकार्य है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## विजय दिवस पर राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी सहित नेताओं ने शहीद वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारत में मंगलवार को विजय दिवस मनाया जा रहा है। यह वो खास दिन है जब 1971 में भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त देकर बांग्लादेश को आजाद कराया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित भाजपा नेताओं ने युद्ध के दौरान ड्यूटी पर अपनी जान गंवाने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, विजय दिवस पर, हम उन बहादुर सैनिकों को याद करते हैं जिनके साहस और बलिदान ने 1971 में भारत को एक ऐतिहासिक जीत दिलाई। उनके पक्के इरादे और निस्वार्थ सेवा ने हमारे देश की रक्षा की और हमारे इतिहास में गौरव का एक पल दर्ज किया। यह दिन उनकी बहादुरी को सलाम है और उनकी बेमिसाल भावना की याद दिलाता है। उनकी वीरता भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, विजय दिवस के अवसर पर मैं भारत माता के वीर सपूतों को सादर नमन करती हूं। उनके साहस, पराक्रम और मातृभूमि के लिए अनन्य निष्ठा ने राष्ट्र को सदा गौरवान्वित किया है। उनकी वीरता और राष्ट्रप्रेम देशवासियों को प्रेरित करते रहेंगे। भारतीय सेना की स्वदेशीकरण से सशक्तीकरण की पहल भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



उन्होंने आगे लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने आत्मनिर्भरता, सामरिक दृढ़ता और आधुनिक युद्ध शैली के प्रभावी उपयोग का परिचय दिया है जो पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत है। मैं सभी सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देती हूं। जय हिन्द! केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्स पर लिखा, वर्ष 1971 में आज ही के दिन सुरक्षाबलों ने अदम्य साहस और सटीक रणनीति के बल पर पाकिस्तानी सेना को परास्त कर उसे आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया था।

इस विजय ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ ढाल बन, विश्वभर में मानवता की रक्षा का आदर्श उदाहरण पेश किया और भारतीय सेनाओं की अद्वितीय सैन्य क्षमता और पराक्रम का लोहा मनवाया। विजय दिवस पर, युद्ध में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन करता हूं।

## कूप विदोहन कार्य में ग्रामीणों ने डाला बाधा,एफआईआर दर्ज

**कोरबा ।** करतला 2025-26 में कूप विदोहन कार्य प्रारभ होने पर ग्रामीणों ने शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करते हुवे सामान लूट कार्य बंद कराया। पुलिस नामजद दर्जन भर से अधिक सहित 40-50 अन्य ग्रामीणों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है।19 अक्टूबर 2025 को वनमण्डल कार्यालय कोरबा में वनमण्डलाधिकारी द्वारा कोरबा वनमण्डल अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कूप विदोहन कार्य प्रारंभ करने के संबध में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया था। उक्त समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश के परिपालन में उपवनमण्डलाधिकारी दक्षिण कोरबा के मार्गदर्शन में 23.10.2025 से वन परिक्षेत्र पसरखेत अंतर्गत कोल्गा, पसरखेत, बताती में कूप विदोहन का कार्य नियमानुसार प्रगति पर है। इस बीच 9 दिसम्बर को सुबह लगभग 11 बजे 40-50 महिलाओं ने कूप विदोहन क्षेत्र में आकर जबरन कार्य को बंद करा दिया। कूप स्थल पर उपस्थित कर्मचारियों एवं सुरक्षा श्रमिकों को गाली गलौच देते हुये कार्य में उपयोगार्थ सामान यथा - टांगा 80 नग आरा 25 नग, कटिंग मशीन 3 नग, फावड़ा 10 नग सब्बल 3 नग जनरेटर मशीन 1 नग, छोटा हाथी वाहन क्रमया सी जी 6 टी 0185 में लोड को लूटमार कर ले गये तथा दोबारा काम में आने पर जान से मारने की धमकी दिया गया। आरोप है कि इनके द्वारा काष्ठ परिवहन में नियोजित ट्रकों के ड्राईव्हर एवं भराई-उतराई के लिये कार्यरत श्रमिकों को भी गाली-गलौच करते हुये भगा दिया गया ।बताया गया कि वर्ष 2024-25 से इस कार्य और प्रशिक्षण में व्यवधान किया जा रहा है। इस बीच कई बैठकों में कूप कटाई की सहमति भी दी गई किन्तु 5 दिसम्बर को स्वत: ग्राम कोल्गा के ग्रामीणों एवं महिलाओं के द्वारा बैठक में एकपक्षीय निर्णय लेकर वन विभाग को सूचना दिया गया कि कूप विदोहन का कार्य में हम लोग सहमत नहीं है एवं कार्य को बन्द किया जाये। लिखित प्रतिवेदन वन परिक्षेत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया गया। विभाग के रेंजर का आरोप है कि ग्रामीणों एवं महिलाओं द्वारा कुछ असमाजिक तत्वों के बहकावे में आकर शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा ।इसके उपरांत भी कूप कटाई दौरान वर्तमान में दिनाक 9 दिसम्बर को कोल्गा निवासी धीरेन्द्र दास महंत वल्द बचन दास महंत सहित अन्य की अगुआई में उनके बहकावे में आकर लगभग 40-50 अन्य स्त्री, पुरूषों के द्वारा कूप में जाकर जान सहित मारने की धमकी, गाली-गलौच कर ? कूप विदोहन सामग्री का लूटमार किया है।50 से अधिक लोगों पर जुर्म दर्जउपरोक्त कंडिकाओं से स्पष्ट हुआ है कि ये असामाजिक प्रकृति के लोग भोले ग्रामीणों को उकसाकर ना केवल उनकी दैनिक आजीविका को बाधित कर रहे हैं, बल्कि लगातार शासकीय कार्यों को बाधित करते हुये शासन के राजस्व की हानि को बढ़ावा दे रहे हैं। इनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करते हुये आवश्यक कार्यवाही किये जाने की शिकायत उपरांत गुलाब सिंह गोंड की रिपोर्ट पर आरोपी धीरेंद्र दास महंत , चंद्रशेखर राठिया ,सूर्य कुमार , नंदलाल राठिया ,गंगाराम , लच्क्षन सिंह ,विवेकानंद ,जगर सिंह ,जानकी बाई ,मनसागर , लीला बाई , जगेश्वरी ,फिरई बाई ,बिरसपति , पांचो बाई ,राजकुमारी ,कमला बाई , तेलो बाई एवं अन्य 40-50 स्त्री-पुरूष के विरुद्ध धारा 190, 221, 296, 304(2), 351(3)-के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा में अपार उत्साह

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी, बिहार के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। मोदी ने कहा कि श्री नवीन पटना जिले के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से पाँच बार विधायक रह चुके हैं और बिहार सरकार में पथ निर्माण तथा नगर विकास व आवास विभाग के मंत्री के रूप में उन्होंने जनसेवा, विकास और सुशासन का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके नेतृत्व में अनेक ऐतिहासिक विकास कार्य धरातल पर उतरे हैं। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रभारी के रूप में नितिन नवीन ने संगठन को मजबूती देने का कार्य किया है। उनका व्यापक संगठनात्मक अनुभव, दूरदर्शी सोच और कर्मठ नेतृत्व पार्टी को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नितिन नवीन के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी देशभर में संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगी तथा जनकल्याण के संकल्प को नई दिशा मिलेगी।
भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी अनिल केशरवानी ने छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने शुभकामनाएँ देते हुए कहां की उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और भारतीय जनता पार्टी देशभर में संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगी।

## महानगर संघ के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने ली शपथ

**कोरबा ।** कोरबा अंचल के कावेरी रेस्टोरेंट (डी.डी.एम. स्कूल रोड) के सभागार में महानगर साहू संघ का शपथ ग्रहण डॉ. राजेन्द्र साहू (अस्थि रोग विशेषज्ञ), इंजी, अरविंद साहू आर्किटेक, दिनेश साहू पूर्व जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती योगेश्वरी साहू पूर्व जिला उपाध्यक्ष, महारथी साहू पूर्व तहसील अध्यक्ष पोड़ी-उपरोड़ा, धर्मेन्द्र साहू अध्यक्ष, संतोष साहू सचिव तहसील हरदीबाजार, नगर निगम के पार्षद सुषमा साहू, फिरत साहू, धनश्री साहू, गिरधारी लाल साहू, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी, धनीराम साहू, पूर्व महासचिव, भुवनलाल पूर्व अध्यक्ष कोरबा के गौरवमयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

दीप प्रज्जवलन एवं राजगीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शपथ की कार्यवाही डॉ. राजेन्द्र साहू ने पूर्ण करवाई। इस अवसर पर नव नियुक्त अध्यक्ष मनकराम साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष बालाराम साहू, उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष रितेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष (महिला) श्रीमती पदमिनी साहू, संगठन सचिव मदन गोपाल साहू, संगठन सचिव (महिला) श्रीमती सुन्द्रिका साहू, महासचिव नरेन्द्र कुमार साहू, संयुक्त महासचिव प्रेमलाल साहू, महामंत्री संतुप्रसाद साहू, संयुक्त महामंत्री अमोली साहू, सचिव पुनीराम साहू, सहसचिव दीपक कुमार साहू, कोषाध्यक्ष मुन्ना साहू, सह कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार साहू, मिडिया प्रभारी/सलाहकार रविन्द्र साहू एवं दस अन्य सदस्यों ने समाज सेवा हेतु शपथ ली।

अतिथियों का स्वागत चितरंजन साहू, रामलाल साहू, श्रीमती कमला साहू, सविता साहू, अंजू साहू, नंदिनी साहू, रजनी साहू ने किया। इस अवसर पर दिनेश साहू, इंजी. अरविंद साहू, डॉ. राजेन्द्र साहू ने समाज को संगठित होकर काम करने हेतु आव्हान किया। प्रतिमाह नियमित रूप से संगठन का बैठक होना नियत किया गया है। अध्यक्ष मनक राम साहू ने अपने उद्बोधन में सभी वरिष्ठजनों एवं समाज के महिलाओं एवं युवाओं को साथ लेकर काम करने की बात कही। मंच के संचालक रवीन्द्र साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) ने पुराने मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को संगीतमय कर दिया। इस गरिमामय कार्यक्रम में निगम के वर्तमान पार्षद गणों का सम्मान किया गया। प्रेस क्लब के श्री रामेश्वर ठाकुर, मनीष जायसवाल, ई. जयंत, जितेन्द्र सिंह राजपूत, हीरा राठौर, श्रीमती जायसवाल एवं अन्य पत्रकारों का सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन महासचिव संतू प्रसाद साहू अधिवक्ता ने करते हुए शीघ्र ही कार्यकारिणी के क्षेत्रवार विस्तार की बात कही।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से बदली जीवन की दिशा: सोलर ऊर्जा से मिली बिजली बिल की चिंता से मुक्ति



**कोरबा ।** कोरबा जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुंगाडीह निवासी श्री आकाश कुमार डिक्सेना के परिवार के लिए बिजली का बढ़ता बिल लंबे समय से परेशानी का कारण बना हुआ था। उनके पिता खेती-किसानी से जुड़े किसान हैं और माता गृहिणी हैं। सीमित आय वाले इस परिवार पर हर माह आने वाला अधिक बिजली बिल आर्थिक दबाव पैदा कर रहा था।

श्री आकाश कुमार डिक्सेना ने बताया कि जब उन्हें प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के बारे में जानकारी मिली और यह पता चला कि इस योजना के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विशेष सब्सिडी दी जा रही है, तब उन्होंने अपने घर में सोलर सिस्टम लगवाने का निर्णय लिया। बिजली बिल में राहत पाने और भविष्य को सुरक्षित बनाने की सोच के साथ उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम स्थापित कराया।उन्होंने बताया कि सोलर सिस्टम लगाने में कुल लगभग 3 लाख 30 हजार रुपये की लागत आई, जिसमें केंद्र सरकार से सब्सिडी का लाभ भी प्राप्त हुआ। आकाश कुमार का कहना है कि जिस प्रकार बिजली की खपत और बिजली बिल लगातार बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे में सोलर ऊर्जा एक स्थायी और लाभकारी समाधान है। उनका उद्देश्य न केवल वर्तमान बिजली खर्च से राहत पाना था, बल्कि आने वाले समय में भी आर्थिक बचत सुनिश्चित करना था।छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को बढ़ावा दिए जाने से प्रेरित होकर उन्होंने विद्युत विभाग से संपर्क किया और सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर अपने घर में सोलर सिस्टम लगवाया। आज वे न केवल बिजली बिल की चिंता से मुक्त हैं, बल्कि स्वच्छ और हरित ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान दे रहे हैं।श्री आकाश कुमार डिक्सेना का यह अनुभव प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की सफलता का जीवंत उदाहरण है, जो दर्शाता है कि सरकारी योजनाओं का सही उपयोग कर आम नागरिक अपने जीवन में सकारात्मक और स्थायी बदलाव ला सकते हैं।



## डीज़ल चोरी रोकने के लिए एसईसीएल प्रबंधन हुआ सजग, डिजिटल तकनीक सेखदानों में निगरानी

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने डीज़ल चोरी एवं परिचालन अनियमितताओं पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कंपनी ने अपने समस्त परिचालन क्षेत्रों में उन्नत डिजिटल निगरानी एवं सुरक्षा प्रणाली लागू की है, जिससे डीज़ल चोरी कीघटनाओं को पूरी तरह से रोका जा सके।

की सभी (क्विक रिस्पांस टीम) के वाहनों में अत्याधुनिक ट्रैकिंग सिस्टम स्थापित कर दिए गए हैं। इन वाहनों की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग मुख्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से की जा रही है। इससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी और सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।इसके साथ ही, के सभी (हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी) को उन्नत डिजिटल सेंसरों से लैस किया गया है। ये सेंसर मशीनों की लोकेशन, परिचालन अवधि, डीज़ल खपत एवं किसी भी असामान्य गतिविधि की सटीक जानकारी उपलब्ध कराते हैं। यह प्रणाली डीज़ल चोरी की प्रारंभिक पहचान में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है तथा मशीनरी उपयोग को पूर्णत: पारदर्शी बनाती है।

सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य सेअपने सभी खान क्षेत्रों में आधारित बूम बैरियर्स भी स्थापित कर रहा है। इन बैरियर्स के माध्यम से केवल टैग युक्त अधिकृत वाहन ही खदान परिसरों में प्रवेश कर सकेंगे। सभी वाहनों की प्रवेश-निकास जानकारी स्वत: डिजिटल रूप से रिकॉर्ड होगी, जिससे अनधिकृत आवाजाही पर प्रभावी रोक लगेगी।इसके अतिरिक्त,द्वारा चयनित कॉन्ट्रैक्चुअल वाहनों एवं में भी सिस्टम लगाया जा रहा है। इन वाहनों की मूवमेंट, लोकेशन, रुकने की अवधि एवं मार्ग का रीयल-टाइम ट्रैकिंग डेटा, में उपलब्धफुटेज के साथ आधारित विश्लेषण प्रणाली से जोड़ा जा रहा है। यह प्रणाली स्वत: ही असामान्य मूवमेंट, अनाधिकृत रुकावट, गलत मार्ग एवं संदिग्ध पैटर्न की पहचान करेगी, जिससे डीज़ल चोरी एवं गलत रिपोर्टिंग की संभावनाएँ नगण्य हो जाएँगी। ट्रैकिंग, डिजिटल सेंसर, बैरियर्स और आधारित एकीकृत निगरानी तंत्र के माध्यम से का लक्ष्य डीज़ल चोरी को जड़ से समाप्त करना तथा अपने परिचालन तंत्र को पूर्णत: सुरक्षित, पारदर्शी एवं दक्ष बनाना है। इन पहलों के लागू होने से सुरक्षा, दक्षता और निगरानी—तीनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित होगा।प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि डीज़ल चोरी या किसी भी प्रकार की अनियमितता के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। दोषियों के विरुद्ध कड़ी एवं त्वरित कार्रवाई की जाएगी, चाहे वे किसी भी स्तर पर क्यों न हों।

## जेलगांव में एबीसी एवं एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर आज

**कोरबा।** डॉ. एस.एन. मिश्रा, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कोरबा के मार्गदर्शन में आज जिला पशु चिकित्सालय, कोरबा में एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर के अंतर्गत जिले के सभी पशु चिकित्सकों को हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान 6 मेल एवं 2 फीमेल श्वानों की स्पे-न्यूटर सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी पशु चिकित्सकों ने बड़े उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया। सर्जरी के उपरांत श्वानों के लिए पशु चिकित्सालय परिसर में अस्थायी सेल्टर की व्यवस्था की गई है, जहां उनकी देखभाल की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नगरीय निकाय के साथ समन्वय स्थापित करते हुए यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आवारा श्वानों को एंटी-रेबीज टीकाकरण भी किया जा रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य एवं पशु कल्याण सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में 16 दिसम्बर 2025 को ग्राम जेलगांव में एबीसी एवं एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा।



## वर्ष 2025 के अंतिम हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत में 04 लाख 24 हजार 502 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**कोरबा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा जिला एवं तहसील स्तर पर 13 दिसम्बर को सभी मामलों से संबंधित नेशनल लोक अदालत का आयोजन श्री संतोष शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में उनकी अध्यक्षता में शुभारंभ कर किया गया। उक्त अवसर पर श्रीमती नीता यादव, न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय कोरबा, श्रीमती गरिमा शर्मा, द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश, कोरबा, श्री सुनील कुमार नन्दे, तृतीय अपर जिला न्यायाधीश, श्री अविनाथ तिवारी, श्रम न्यायाधीश, श्रम न्यायालय कोरबा, सुश्री सीमा प्रताप चन्द्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.),कोरबा, कु0 मयूरा गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा, श्री सत्यानंद प्रसाद, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, कु. डॉली ध्रुव, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, श्रीमती सोनी तिवारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, कु. कुमुदिनी गर्ग, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, श्री लव कुमार लहरे, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, कु0 डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, एवं श्री गणेश कुलदीप, अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ कोरबा, श्री रोहित कुमार, राजवाड़े, चीफ लीगल एंड डिफेंस कौंसिल, कोरबा एवं जिला अधिवक्ता संघ के अन्य पदाधिकारियों तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में कुल 04 लाख 87 हजार 528 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें न्यायालयों में लंबित प्रकरण 7116 एवं प्री-लिटिगेशन के 48 प्रकरण थे। जिसमें राजस्व मामलों के प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के कुल प्रकरणों सहित कुल 04 लाख 24 हजार 702 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में समझौते के आधार पर हुआ। नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग से जिला न्यायाधीश द्वारा हितग्राहियों को इलेक्ट्रिक ट्रायसायकल, बैसाखी, कर्ण यंत्र आदि वितरित किये ।

## चौक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भाषण होगा सार्वजनिक

**कोरबा ।** आरोप लगाया जा रहा हैं की विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों द्वारा आम जनता में लगातार भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही हैं। इसके विरोध में संसद में चुनाव सुधार विषयक गंभीर चर्चा हुई। इस चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने सशक्त, तथ्यात्मक और दूरदर्शी भाषण के माध्यम से एसआईआर सर्वे की सत्यता, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मजबूती को देश के सामने स्पष्ट रूप से रखा। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी कोसाबाड़ी मंडल द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उक्त महत्वपूर्ण भाषण को सार्वजनिक स्थान पर आम जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साझा करने हेतु एक भव्य जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम 16 दिसंबर मंगलवार को संध्या 6:00 बजे सुभाष चौक, निहारिका में आयोजित होगा। इस विशेष कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, रायपुर संभाग के सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह, पूर्व महापौर एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जोगेश लांबा, महापौर कोरबा श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला कार्यक्रम प्रभारी नवीन अरोरा एवं मंडल प्रभारी अजय पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। भाजपा कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम केवल एक भाषण प्रसारण नहीं, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त करने, चुनाव सुधारों की वास्तविकता को जन-जन तक पहुँचाने और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम का तथ्यात्मक जवाब देने का सशक्त मंच होगा। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित जनसमूह को आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी संकल्प भी दिलाया जाएगा।

## मोतियाबिंद की शल्य चिकित्सा पश्चात बुजुर्ग महिला की चली गयी आंखों की रोशनी

**कोरबा।** कोरबा जिले में मोतियाबिंद की शल्य चिकित्सा पश्चात एक बुजुर्ग महिला की दाहिनी आंख की रोशनी चली गई। उक्त मामला जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल से सामने आया है, जहां महिला को ऑपरेशन के बाद रायपुर एम्स रेफर किया गया। ग्राम बरपाली निवासी और उनकी 60 वर्षीय पत्नी को करीब चार साल से आंखों से कम दिखाई दे रहा था। एक दिसंबर को वे जांच के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नेत्र रोग विभाग पहुंचे। चिकित्सको ने जांच उपरांत महिला की दाहिनी आंख में मोतियाबिंद बताया और शल्य चिकित्सा की सलाह दी। तीन दिसंबर को उनकी दाहिनी आंख की शल्य चिकित्सा की गयी।

जानकारी के अनुसार शल्य चिकित्सा पश्चात अगले दिन जब उसकी आंख की पट्टी खोली गई, तो महिला को कुछ भी दिखाई नहीं दिया। उन्होंने इसकी जानकारी परिजनों और चिकित्सको को दी। चिकित्सको ने उन्हें आश्वासन दिया कि सब ठीक हो जाएगा।

हालत में सुधार नहीं होने पर महिला को रायपुर रेफर किया गया। वहां एक निजी चिकित्सालय में तीन दिनों तक उनका इलाज चला, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

## नशे के खिलाफ दो गांवो की नारी शक्ति उतरी सड़कों पर,रखी मांग

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत मंगामार और मानिकापुर में कच्ची महुआ से बनी अवैध मादक द्रव्य पदार्थ की बिक्री के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। नशा मुक्ति जागरूकता रैली के जरिए सैकड़ों महिलाओं ने एकजुट होकर अवैध मादक द्रव्य पदार्थ कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग करते हुए सामाजिक स्तर पर कड़े दंड लागू करने का संकल्प लिया। महिलाओं ने कहा कि कच्ची महुआ से निर्मित मादक द्रव्य पदार्थ ने ग्रामो की शांति और पारिवारिक सुख-चैन छीन लिया है। नशे के कारण घर-घर में झगड़े, गाली-गलौज, मारपीट और आर्थिक तंगी बढ़ती जा रही है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, वहीं महिलाओं की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। रैली के दौरान महिलाओं ने सामाजिक प्रस्ताव के रूप में सर्वसम्मति से यह घोषणा करी हैं कि कच्ची महुआ से निर्मित अवैध मादक द्रव्य पदार्थ बेचते पाए जाने पर 50 हजार रुपये का जुर्माना, मादक द्रव्य पदार्थ पीकर गाली-गलौज या हिंसा करने पर 25 हजार रुपये का दंड, तथा कच्ची महुआ से निर्मित अवैध मादक द्रव्य पदार्थ बिक्री की सूचना देने वाले को 5 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। महिलाओं का कहना है कि यदि कानून और प्रशासनिक स्तर पर समय रहते ठोस कार्यवाही नहीं होती, तोग्राम, समाज स्वयं नशे के खिलाफ कठोर कदम उठाने को मजबूर होगा। महिला समूहों ने आरोप लगाया कि लगातार शिकायतों के बावजूद कच्ची महुआ से निर्मित अवैध मादक द्रव्य पदार्थ के कारोबारियों पर प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पा रही है, जिससे उनके हौसले बुलंद हैं। मजदूरी की कमाई नशे में बर्बाद हो रही है और कई परिवारभुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। रैली के समापन पर महिलाओं ने पंचायत, पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग से अविलंब सख्त कार्रवाई, नियमित गश्त और सतत निगरानी की मांग की। महिलाओं ने एक स्वर में कहा की नशा मुक्त गांव ही सुरक्षित परिवार और मजबूत समाज की असली पहचान है।

# सत्कर्मों के पदचिन्ह छोड़ने वाले ही युगों तक प्रेरणा बनते हैं : डॉ. संजय गुप्ता



**कोरबा।** इस परिवर्तनशील संसार में जिसने जन्म लिया है, उसकी मृत्यु निश्चित है। लेकिन जन्म लेना उसी का सार्थक है,जो अपने कार्यों से कुल, समाज और राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करता है।महाराजा भतृहरि के इन महावाक्यों को चरितार्थ करता चौधरी मित्रसेन आर्य का जीवन सत्य,संयम और सेवा का अद्भुत मिश्रण रहा।इनके लिए स्वहित को छोड़ मानव हित ही सर्वोपरि रहा। 15 दिसंबर 1931 को हरियाणा के हिसार जिले के खांडा खेड़ी गाँव में चौधरी श्रीराम आर्य के घर में माता जीवो देवी की कोख से चौधरी मित्रसेन आर्य का जन्म हुआ। अपने पूर्वजों से मिले संस्कार व अपनी पत्नि के साथ चौधरी मित्रसेन जी सन् 1957 में रोहतक में एक लेथ मशीन के साथ अपना खुद का व्यवसाय शुरू किया।

महान विभूति के जन्मदिन के पावन अवसर पर दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में विशेष प्रात:कालीन सभा एवं पूजन का आयोजन किया गया।प्रात: प्रार्थना स्तुति के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन का विशेष आयोजन किया गया। पूजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक -- शिक्षिकाओं ने चौधरी मित्रसेन आर्य के तैल्य चित्र में पुष्प अर्पित किया। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बच्चों तथा कर्मचारियों ने पूजन में भाग लेकर चौधरी मित्रसेन जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10 वीं की छात्रा सुश्री पायल सहारन ने किया।कक्षा 9 वीं के विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर प्रात:कालीन सभा की प्रस्तुति दी।विद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष श्री हेमलाल श्रीवास ने चौधरी मित्रसेन आर्य के जीवन की प्रेरक घटनाओं से विद्यार्थियों को परिचित कराया साथ ही

ओजमयी कविता के माध्यम से विद्यार्थियों में उत्साह का संचार किया।संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉक्टर योगेश शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चारण से विद्यालय का वातावरण विशुद्ध कर दिया।पूजन एवं पुष्प अर्पण कार्यक्रम के दौरान निरंतर वैदिक मंत्रों का उच्चारण एवं जाप किया जाता रहा।पूरा विद्यालय परिसर आध्यात्मिकता से सराबोर हो गया।विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं शैक्षणिक प्रभारी श्री सब्यसाची सरकार सर ने कहा कि जीवन पर्यन्त परोपकार एवं परहित के आदर्श पर चलने वाले और समाज को एक दिशा और दृष्टि देने वाले चौधरी मित्रसेन जी भौतिक रुप से आज हमारे बीच नहीं हैं,लेकिन उनके विचार कार्य और उनकी दृष्टि युगों-युगों तक भावी पीढ़ी हेतु एक प्रेरणास्त्रोत रहेगी।बेटियों की शिक्षा-दीक्षा एवं उनकी सुरक्षा के प्रति चौधरी जी ने अभूतपूर्व कार्य किये हैं।पूजन के पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा एक भजन प्रस्तुत किया गया तथा एक नृत्य नाटिका के माध्यम से चौधरी मित्रसेन आर्य के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके संघर्षों एवं सफलताओं से परिचित करवाया गया। चौधरी जी के जीवन का हर एक पहलू हम सब के लिए एक आदर्श है।उन्होंने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से हमें सकारात्मकता का ही संदेश दिया है।उनके जीवन से हम मानवता और सेवा का पाठ सीख कर अपना जीवन सफल बना सकते हैं। एक सफल व समृद्ध व्यक्ति होते हुए भी वे हमेशा विनम्र और मृदुल रहे।उनके प्रत्येक कार्य में उनकी महानता की झलक देखने को मिलती है। सच में उनका जीवन अनुकरणीय व प्रेरक है।

## किसानो ने वन अधिकार पट्टा के लिए एसडीएम से लगाई गुहार

**कोरबा ।** कोरबा जिले में तहसील पसान अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर (लैंगा) के आश्रित ग्राम लोकडहा के ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित वन अधिकार पट्टा के मुद्दे को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पोंड़ी-उपरोड़ा को सामूहिक ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का कहना है कि वे 60-70 वर्षों से संबंधित भूमि पर काबिज होकर खेती करते आ रहे हैं, इसके बावजूद आज तक न उन्हें वन अधिकार पट्टा मिला और न ही राजस्व पट्टा जारी किया गया।ग्रामीणों ने आगे बताया कि पट्टे के अभाव में वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, बैंक ऋण और अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। किसानों ने वन अधिकार अधिनियम के तहत अपने वास्तविक कब्जे के अनुरूप व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा प्रदान करने की मांग करते हुए विशेष ग्राम सभा आयोजित कराने पर जोर दिया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि ग्राम पंचायत रामपुर (लैंगा) के सचिव द्वारा कलेक्टर अथवा एसडीएम के आदेश का हवाला देकर विशेष ग्राम सभा की अनुशंसा नहीं की जा रही है, जिससे पूरी प्रक्रिया ठप्प पड़ी है। इससे किसानों को बार-बार पंचायत कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से शीघ्र हस्तक्षेप कर विशेष ग्राम सभा आयोजित कराने के निर्देश जारी करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्यवाही नहीं हुई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## रेलवे के द्वारा दिए गए नोटिस से भड़के इंदिरा नगर निवासी-घेरा स्टेशन

**कोरबा ।** कोरबा अंचल के इंदिरा नगर बस्ती में उस समय हड़कंप मच गया जब लोगों के घरों के बाहर लाल क्रॉस के निशान देखे गए। यह निशान रेलवे प्रबंधन द्वारा लगाए गए बताए जा रहे हैं।

स्थानीय निवासियों द्वारा दी जानकारी के अनुसार, रेलवे प्रबंधन ने एक माह पहले लगभग 250 घरों को खाली करने का नोटिस जारी किया था। हालांकि, तब से रेलवे की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी। अचानक घरों पर क्रॉस के निशान लगाए गए और दूसरे दिन सुबह यह जानकारी मिली कि अगले दिन अतिक्रमण हटाने कार्यवाही की जाएगी।और अपनी बात रखी।

## कांग्रेसजनों ने पूण्यतिथि पर याद किया लौह पुरूष को



**कोरबा।** भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में मनाई गई। यहां कांग्रेसजनों ने सरदार पटेल की तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हे शत् शत् नमन किया।
भारत की आजादी के बाद विभिन्न रियासतों के भारत में विलय कराने की प्रक्रिया के साहसिक फैसले का स्मरण करते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सरदार पटेल की निर्णय क्षमता को अद्भुत बताया। उन्होने बताया कि भारत के हित में काफी अच्छे कार्य सरदार पटेल की ओर से किये गये।

इसी के आधार पर उन्हें लौह पुरुष की उपाधि हासिल हुई। वे अपने कार्यों के जरिए सदियों तक भारतीयों के मन मस्तिष्क में बसे रहेंगे।
श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि इतिहास में कई महापुरूष हुए हैं जिनमे वल्लभभाई पटेल का नाम विशेष रूप से लिया जाता है। उन्होने अपने प्रदर्शन से देश को काफी उंचाईयां दी।
पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि सरदार पटेल ने गृह मंत्री की भूमिका में भारत के लिये अनेक शानदार कार्य किये और विदेशों में हमारे देश का मान बढ़ाया। कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करते हुए जिस तरह उन्होने अनेक राजेरजवाड़ो का विलीनीकरण भारतीय परिसंघ में कराया। वह अपने आप में महान कार्य था। इसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। पूर्व जिला अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य सदैव स्मरण किए जाते रहेंगे ।
पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने सरदार पटेल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल उद्देश्य के प्रति स्थिर लक्ष्य संगठन कार्य में अप्रतिम, अपने आदर्शों के प्रति अटल थे । उनके चट्टानी व्यक्तित्व से प्रभावित होकर लोगों ने उन्हें लौहपुरूष कहना प्रारंभ किये । नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने बताया कि 31 अक्टूबर 1875 का गुजरात में जन्में सरदार वल्लभ भाई पटेल का 15 दिसम्बर 1950 को 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया । सरदार पटेल को 1947 के सितम्बर माह में नेहरू सरकार में गृहमंत्री नियुक्त किया गया । सरकार में लगभग 4 वर्ष तक गृहमंत्री के रूप में कार्य करते हुए अनेकों रचनात्मक कार्य किये जिस कारण उन्हें इतिहास अमर बना दिया ।

## हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन गंगा में सम्मिलित हुए राजेश्री महन्त

**जांजगीर चांपा।** श्री दूधाधारी मठ एवं श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज स्वर्गीय निलेश शाह जी की स्मृति में आयोजित संगीतमय 51 श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन गंगा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम अंबा देवी मंदिर प्रांगण सत्ती बाजार रायपुर में शाह परिवार के द्वारा आयोजित किया गया। महाराष्ट्र, गोंदिया से श्री हनुमान भजन मंडली के प्रमुख मितेश भाई परमार ने अपने सहयोगियों सहित शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि -शाह परिवार के द्वारा स्वर्गीय निलेश जी की स्मृति में भक्ति भाव से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वह पुण्यात्मा जहां कहीं भी होगा निश्चित रूप से उसे प्रसन्नता होगी, भगवान राघवेंद्र सरकार उन्हें मोक्ष प्रदान करेंगे। उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों को इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाओं सहित बधाई दी। इस अवसर पर विशेष रूप से सांसद बृजमोहन अग्रवाल जी, सुभाष तिवारी, शिवनारायण मुंदड़ा, महन्त देवदास जी, रंजन बेस शाह, मुकेश शाह, राजेश शाह, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे एवं शाह परिवार के सभी शुभचिंतक गण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

## बड़े रबेली की सुलोचना का सीएसआईएफ में चयन हुआ

**मालखरौदा।** अनुविभाग क्षेत्र के ग्राम बड़े रबेली निवासी भागवत चंद्रा और मोहरबाई चंद्रा की पुत्री सुलोचना चंद्रा ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की ट्रेनिंग पूरी कर गांव लौटने पर भव्य स्वागत पाया। गरीब परिवार से होने के बावजूद सुलोचना ने प्रारंभिक शिक्षा शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रबेली, सीपत से पूरी की और बीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की। उनके दादा छतराम चंद्रा की भी शिक्षा में अहम भूमिका रही। सुलोचना ने खेल-कूद और पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और देशभक्ति की भावना के चलते सीआईएसएफ में शामिल होकर हैदराबाद में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया।



# अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर चैन माउंटेन,6 हाईवा जब्त, अवैध भंडारण के 2 प्रकरण दर्ज

### बम्हनीडीह क्षेत्र में रेत के 02 अस्थाई भंडारण अनुज्ञप्ति निरस्त



**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में खनिज उडनदस्ता दल द्वारा जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर सख्त रुख अपनाते हुए कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उड़नदस्ता दल द्वारा आज जिले के विभिन्न स्थानो नवापारा, केवा, पीपरदा, पुछेली, खपरीडीह एवं बम्हनीडीह क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक निरीक्षण किया गया।

ग्राम केवा से खनिज रेत के अवैध उत्खनन कार्य में संलिप्त 1 चौन माउण्टेन मशीन पाया गया, जिसे मौके पर सील कर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया। ग्राम पीपरदा में 6 हाईवा से खनिज रेत के अवैध परिवहन कार्य में संलिप्त पाये जाने पर मौके पर सील कर नोटिस चस्पा किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पीपरदा में ही खनिज रेत के अवैध भण्डारण के 2 प्रकरण दर्ज किये गये जिसमें 1 प्रकरण शासकीय भूमि में खनिज रेत भण्डारण मात्रा लगभग 200 घ.मी. तथा दूसरे प्रकरण में खनिज रेत भण्डारण मात्रा लगभग 240 घ.मी. तेरस पिता समधीन निवासी पीपरदा द्वारा किया जाना पाया गया, उक्त दोनो अवैध भण्डारित खनिज रेत को जप्त कर ग्राम पंचायत की सुपुर्दगी में दिया गया है।

जिले के बम्हनीडीह क्षेत्रांतर्गत छ.ग. (खनन, परिवहन तथा भण्डारण) नियम 2009 के तहत ग्राम अमोदी में मेसर्स आर बी कंस्ट्रक्शन के पक्ष स्वीकृत गौण खनिज रेत के अस्थाई भण्डारण अनुज्ञप्ति क्षेत्र में अनुज्ञप्तिधारी द्वारा नियमो का बार-बार उल्लंघन तथा पाई गई अनियमितता का समाधान नहीं किये जाने एवं ग्राम बम्हनीडीह में मेसर्स बाबा सिद्धेश्वर कंस्ट्रक्शन के पक्ष में स्वीकृत खनिज रेत के अस्थायी भण्डारण अनुज्ञप्ति क्षेत्र में अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनियमितता किया जाना,भण्डारण नियमो का उल्लंघन तथा कार्यालय द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने कारण उक्त स्वीकृत दोनो अस्थायी भण्डारण अनुज्ञप्ति को निरस्त किया गया है।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंतत्रण हेतु जिला स्तरीय उडनदस्ता दल द्वारा लगातार जांच कर कार्यवाही की जा रही है। खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण करने वालो के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही नियमानुसार उपरोक्त वाहनों के वाहन चालको के ड्राइविंग लाईसेंस निरस्त करने संबंधी कड़ी कार्यवाही की जावेगी।



## ग्राम लगरा में 43 क्विंटल अवैध धान जप्त

**जांजगीर-चांप।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में बिचौलियों एवं कोचियों के विरुद्ध मंडी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में तहसील पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम लगरा में पवन अग्रवाल के परिसर से 43 क्विंटल अवैध धान पाए जाने पर उसे मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत जप्त किया गया। संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध धान भंडारण, परिवहन एवं खरीदी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि धान खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं नियंत्रित बनी रहे।

## अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाला आरोपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा ।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना पामगढ़ पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाले आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम एवं पॉक्सो एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में महिलाओं एवं नाबालिग बच्चों के विरुद्ध घटित अपराधों को गंभीरता से लेते हुए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, जो कि 24 घंटे फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नजर रखता है, के माध्यम से थाना साइबर सेल को शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में बताया गया कि एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया के जरिए अश्लील वीडियो अपलोड कर प्रसारित किया जा रहा है।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल जांजगीर-चांपा एवं थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि आरोपी संदीप सैनी पिता धरमपाल सैनी उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 07 थाना भवन, पुलिस स्टेशन थाना भवन, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) द्वारा फेसबुक सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लील वीडियो अपलोड कर प्रसारित किए गए थे। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को उत्तर प्रदेश से पकड़कर गिरफ्तार किया।

## कोटगढ़ में 8 जुआरी पकड़े गए

**जांजगीर।** पुलिस और साइबर की संयुक्त टीम ने ग्राम कोटगढ़ में जुआरियों के विरुद्ध छापेमार कार्रवाई की, जिसमें जुआ खेलते हुए 8 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कोटगढ़ में कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक कर थाना अकलतरा पुलिस और साइबर टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान मौके से आठ जुआरी पकड़े गए, उनके कब्जे से 11,850 रुपए और 52 पत्ती ताश बरामद की गई। पुलिस द्वारा जुआ में प्रयुक्त सामग्री जब्त कर विधिवत कार्यवाही की गई। गिरफ्तार जुआरियों में सूरज मिरी, उमेश केंवट, महेंद्र सिंह मिरी, सूरज यादव, शिवा धीवर, रामगोपाल डहरिया, राजेन्द्र कुमार उर्फ गुड्डू एवं ओम प्रकाश यादव (37 वर्ष) शामिल हैं।

## पेंशनधारी कल्याण संघ ने दिवंगत पेंशनर को श्रद्धांजलि दी

**जांजगीर।** संयुक्त तहसील चाम्पा, सारागांव एवं बम्हनीडीह की मासिक बैठक 14 दिसंबर को मां गायत्री उच्च माध्यमिक विद्यालय, सारागांव में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष बालमुकुंद चतुर्वेदी ने की। कार्यवाहक अध्यक्ष नंदकुमार राठौर और प्रवक्ता रामकुमार राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन से जुड़े विषयों और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 17 दिसंबर को बलौदा बाजार जिला मुख्यालय में आयोजित चौबीसवें पेंशनर्स डे कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी और सदस्य शामिल होंगे। इसकी जिम्मेदारी कार्यवाहक अध्यक्ष नंदकुमार राठौर को सौंपी गई। प्रांतीय निकाय के निर्देशानुसार लंबित महंगाई राहत के भुगतान को लेकर एक मंच, एक मांग के तहत 89 माह के एरियर्स के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाने की जानकारी दी गई। साथ ही 29 दिसंबर को जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक पेंशनरों की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। संगठन की आगामी कार्यवाहियों के संचालन के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष नंदकुमार राठौर को अधिकृत किया गया।

# कोल डिपो के संचालक द्वारा प्रदूषण फैलाने व गाली गलौज देने का आरोप

### जिपं. के सभापति उमा राजेन्द्र राठौर ने कार्यवाही की मांग

**जांजगीर-चांपा।** कोल डिपो के संचालक द्वारा क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने व मोहल्लेवासियों को गाली-गलौज व धमकी देने को लेकर जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति उमा राजेन्द्र राठौर ने कलेक्टर जांजगीर-चाम्पा को लिखित ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग की हैं। श्रीमती राठौर ने अपने ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत सिवनी (चाम्पा), वार्ड क्रमांक 6 कोरबा चाम्पा मार्ग स्थित संचालित कोल डिपो से संबंधित गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

यह डिपो नरसिंह नाथ राजवाड़े, ग्राम कनकी, जिला कोरबा के नाम पर पंजीकृत हैं। ज्ञात तथ्यों के आधार पर इसका संचालन अंसू पलरिया द्वारा किया जा रहा है डिपो का संचालन आवासीय बस्ती के करीब हो रहा है, जिससे निरंतर धूल-धुआँ फैलकर स्थानीय बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों द्वारा कई बार आपत्ति और आग्रह करने के बावजूद कोल डिपो संचालक द्वारा कोई सुधारात्मक कार्यवाही नहीं की गई। इसके विपरीत, शिकायत करने पर डिपो संचालक द्वारा लोगों को गाली-गलौज, अभद्र भाषा एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। विगत 25 नवम्बर को रात्रि लगभग 12 बजे फोन के माध्यम से मोहल्लेवासियों को



धमकाया गया तथा अगले दिन रात्रि एक बजे संचालक एवं उसके 20-25 साथियों द्वारा मोहल्ले में पहुँचकर डराने-धमकाने का प्रयास किया गया। अब यह कोयला डिपो यहाँ से कभी नहीं हटेगा, जो चाहे कर लो, मोहल्ला और सिवनी बस्ती उठा दूँगा जैसी आपराधिक प्रकृति की धमकियाँ दी गईं। उन्होंने बताया कि यह स्थिति न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि मोहल्लेवासियों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था तथा सामाजिक शांति के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है। कोल डिपो के संचालन की जाँच कराते हुए पर्यावरण एवं स्वास्थ्य मानकों का परीक्षण कराया जाए। डिपो को घनी आबादी से हटाने या वैकल्पिक स्थल पर स्थानांतरित करने संबंधी आदेश पर विचार किया जाए। संचालक द्वारा मोहल्लेवासियों को गाली-गलौज, धमकी एवं भीड़ के साथ दबाव बनाने की कानूनी जाँच कर कठोर कार्यवाही की जाए। स्थानीय पुलिस को क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया जाए। आपकी त्वरित कार्यवाही से क्षेत्र में व्याप्त भय एवं तनाव की स्थिति समाप्त होगी तथा सार्वजनिक हित की रक्षा हो सकेगी।

## एजेंट पर आरडी में जमा राशि हड़पने का आरोप

**जांजगीर।** पोस्ट ऑफिस की आरडी योजना में जमा की गई रकम कथित तौर पर हड़पने का मामला सामने आया है। पीडितों ने थाना चांपा में लिखित शिकायत देकर एजेंट के खिलाफ शिकायत कर कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता राजकुमार देवांगन सहित अन्य जमाकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने पोस्ट ऑफिस की आरडी योजना में हर माह किस्त जमा करने के लिए अधिकृत एजेंट दीपक देवांगन के माध्यम से राशि दी थी। एजेंट ने प्रत्येक माह राशि लेने के बाद रसीद देने और आरडी खाते में एंट्री कराने का भरोसा दिलाया था। प्रारंभिक अवधि में रसीद भी उपलब्ध कराई गई, जिससे जमाकर्ताओं को विश्वास हुआ कि रकम पोस्ट ऑफिस में जमा हो रही है। हालांकि, बाद में जांच करने पर सामने आया कि न तो संबंधित राशि पोस्ट ऑफिस में जमा हुई और न ही आरडी खाते में कोई एंट्री की गई। शिकायत में आरोप है कि एजेंट से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका मोबाइल नंबर बंद आ रहा है और वह फरार बताया जा रहा है। पीडितों का कहना है कि इस तरह कई लोगों से बड़ी रकम की ठगी की गई है।

## उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था के लिए राज्यपाल से पुरस्कृत प्राचार्य गिरफ्तार

**जांजगीर।** पामगढ़ ब्लॉक के डोंगाकौहरौद के स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल के राज्यपाल पुरस्कृत पूर्व प्राचार्य कुंज किशोर का विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

इस मामले में पुलिस ने धार्मिक भावना भड़काने का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो में प्राचार्य छात्रों से करियर खराब करने की धमकी देते हुए हिन्दू देवी-देवताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करते नजर आए थे। पुलिस ने पामगढ़ निवासी आरोपी कुंज किशोर सतनामी (50) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब छात्रों ने स्कूल परिसर में क्लासरूम की पुताई न करने पर प्रैक्टिकल में कम अंक देने की धमकी देने के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत की। जांच में पाया कि पूर्व प्राचार्य ने बोर्ड परीक्षा में शामिल 10वीं के छात्रों को प्रैक्टिकल नंबर काटने की धमकी दी थी। नाराज छात्रों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया। जांच में सामने आया कि कुंज किशोर छात्रों के सामने हिंदू देवी-देवताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे थे। वीडियो में वह ब्रह्मा, सरस्वती और मत्स्य पुराण का जिक्र करते हुए विवादित बातें कहते नजर आए।

## नौकरी के नाम पर युवती से गैंगरेप

**सक्ती।**जिले में कान की बाली, नए कपड़े और नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 युवकों ने युवती से गैंगरेप किया। आरोपियों में 2 महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्होंने अपराध को अंजाम देने में सहयोग किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर गैंगरेप के 2 आरोपियों और अपराध में मदद करने वाली 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

## जानलेवा बने सड़क के गड्ढे, मरम्मत पर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं

**हसौद।** जांजगीर-चांपा और सक्ती जिले को जोड़ने वाले बिर्रा चौक से हसौद होते हुए चंद्रपुर जाने वाले मुख्य मार्ग की हालत जर्जर हो चुकी है। यह सड़क अब राहगीरों के लिए सुविधा कम, बल्कि जानलेवा जाल बन चुकी है। मेन रोड पर जगह-जगह इतने गहरे और बड़े गड्ढे हो गए हैं कि यह %तालाब नुमा सड़क जैसा प्रतीत होता है।

जनवरी 2025 से अब तक कई बड़े हादसे होने के बावजूद लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और वाहन चालकों में भारी रोष है। बिर्रा से कैथा तक का 7 किलोमीटर का रास्ता भी बदहाली का शिकार है।

# मड़वा को 25-27 से हरा सिटी क्लब जांजगीर ने जीता चैंपियन का खिताब

**जांजगीर।** स्व. बहादुर लाल राठौर की स्मृति में आयोजित संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। तीन सेट तक चले मुकाबले में सिटी क्लब जांजगीर ने सीएसपीजीसीएल मड़वा को हराकर प्रतियोगिता जीत ली।

इस वर्ष भी खेल प्रेमियों के लिए यादगार बन गई। पूरे संभाग से आई 12 टीमों के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। हर मैच में खिलाड़ियों का जोश, दमदार स्मैश और मजबूत डिफेंस देखने को मिला। प्रतियोगिता का सफल आयोजन सिटी क्लब जांजगीर द्वारा किया गया, जिसमें सभी मुकाबले नॉकआउट पद्धति पर खेले गए। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जहां सिटी क्लब जांजगीर की टीम ने शानदार तालमेल और अनुभव का परिचय देते हुए सीएसपीजीसीएल मड़वा की टीम को सीधे तीन सेटों में पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया।

विजेता टीम को ?10,001 नगद पुरस्कार एवं आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता रही सीएसपीजीसीएल मड़वा की टीम को भी सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता स्वर्गीय बहादुर लाल राठौर की स्मृति में प्रतिवर्ष



आयोजित की जाती है। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना और खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने हर मुकाबले में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

सेमीफाइनल मुकाबले बेस्ट ऑफ थ्री फॉर्मेट में खेले गए। पहला सेमीफाइनल सीएसपीजीसीएल मड़वा और लाफार्ज अकलतरा के बीच खेला गया। इस मुकाबले में मड़वा की टीम शुरू से ही आक्रामक नजर आई। पहले सेट में मड़वा ने 25-21 से जीत दर्ज की, वहीं दूसरे सेट में भी लाफार्ज की टीम वापसी नहीं कर सकी और 25-19 से मुकाबला गंवा बैठी। सीधे दो सेटों में जीत दर्ज कर सीएसपीजीसीएल मड़वा की टीम फाइनल में पहुंची। दूसरा सेमीफाइनल सिटी क्लब जांजगीर और जांजगीर बी के बीच खेला गया। घरेलू दर्शकों के उत्साहवर्धन से प्रेरित सिटी क्लब जांजगीर ने शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी। पहला सेट 25-19 और दूसरा सेट 25-21 से जीतते हुए सिटी क्लब जांजगीर ने 2-0 से मुकाबला अपने नाम कर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल में हर अंक पर थमा रहा दर्शकों का दम फाइनल मुकाबला बेस्ट ऑफ फाइव के आधार पर सिटी क्लब जांजगीर और सीएसपीजीसीएल मड़वा के बीच खेला गया। पहले सेट में सिटी क्लब जांजगीर ने 25-21 से जीत दर्ज की। दूसरे सेट में भी जांजगीर की टीम ने बेहतरीन समन्वय दिखाते हुए 25-19 से बढ़त बनाई। तीसरा सेट प्रतियोगिता का सबसे रोमांचक सेट साबित हुआ। दोनों टीमों के बीच लगातार अंक आते-जाते रहे। एक समय मड़वा की टीम बढ़त बनाती दिखी, लेकिन सिटी क्लब जांजगीर के खिलाड़ियों ने वापसी की। अंततः 29-27 से तीसरा सेट जीतकर सिटी क्लब जांजगीर ने सीधे तीन सेटों में फाइनल मुकाबला जीत लिया।

## युवक ने एसपी कार्यालय में की जहर पीने की कोशिश

**जांजगीर।** एसपी कार्यालय में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक ने कांस्टेबल पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए जहर पीने की सूचना मीडिया को दी। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई और एसपी कार्यालय के गेट पर जवानों की तैनाती कर दी गई।

जैसे ही युवक कार्यालय के गेट पर पहुंचा, पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इस दौरान उसने टॉयलेट क्लीनर पीने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सतर्कता से वह पूरा जहर मुंह में नहीं जा सका। इसके बाद एहतियातन उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

अस्पताल में ग्राम मड़वा निवासी टीआर साहू (23) ने कांस्टेबल विनोद दिवाकर पर 80 हजार रुपए रिश्वत लेने, फर्जी आवेदन बनवाने और लोगों से अवैध वसूली में उसका दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। युवक टिकेश्वर का कहना है कि उसने इस संबंध में 24 नवंबर को शिकायत की थी, लेकिन कांस्टेबल के डीएसपी विजय पैकर का ड्राइवर होने के कारण अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। मैं पिछले कई महीनों से एक गंभीर मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना से गुजर रहा हूं। यह पूरा मामला कांस्टेबल विनोद दिवाकर नाम के व्यक्ति से जुड़ा है, जिसने मुझसे बाइक दिलाने और एक और केस में राहत दिलाने के नाम पर 80 हजार रुपए लिए। बाद में उसने मुझसे जबरन गलत काम करवाने शुरू कर दिए।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र.1030/उद्यान/2025 दिनांक 11.12.2025

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा निर्मित मोर कोरबा गार्डन आउटर चौपाटी (मौज) का विकास, रख रखाव एवं संचालन हेतु अनुभवी फर्म/एजेंसी से उल्लेखित अनुसार अधिक वार्षिक दर आधार पर आर.एफ.पी. में कार्य हेतु ई निविदा माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | RFP for Selection of Agency for "Redevelopment, Operation and Maintenanance of Municipal Corporation Mor Korba garden and develop outer choupati (MOUJ) (C.G) on Annual License fee basis" (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 00.00 | 02.01.2026 (T.No.181182) |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय सेनानी 13वीं वाहिनी (भा./र.) छसबल मड़वारानी, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक-13वीं बटा./छसबल/कोरबा/सा.अ./M/2470-C/2025 दिनांक 12.12.2025

-:: मैनुवल पद्धति खुली निविदा (द्वितीय) आमंत्रण सूचना ::-

सेनानी 13वीं वाहिनी (भा/र) छसबल मड़वारानी, जिला-कोरबा छ.ग. में वृहद निर्माण कार्य मद् अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए सेनानी 13वीं वाहिनी की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 03 लिफाफा पद्धति में (लिफाफा ''अ'' में अमानत राशि, लिफाफा ''ब'' में टेक्नीकल (दस्तावेज) बीड एवं लिफाफा ''स'' में फाईनेंसियल (निविदा दर) बीड) निर्माण कार्य बावत् मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सील बंद लिफाफा के ऊपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/पता का स्पष्ट लेख किया जाना आवश्यक है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (लाख रूपये में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | "Construction of RCC OVE R HEAD (40KL OF 12mtr) WATER TANK" | 19.97 लाख | 19,970/- |

01. निविदा प्रपत्र प्राप्त की तिथि - दि. 15.12.2025 से 02.01.2026 के 10.30 बजे से शाम 05.00 बजे तक।
02. निविदा प्रपत्र जमा की अंतिम तिथि- दि. 03.01.2026 के अपरान्ह 03.00 बजे तक।
03. निविदा खोलने की तिथि- दि. 03.01.2026 के अपरान्ह 04.00 बजे, निविदाकारों की उपस्थिति में खोला जावेगा।

नोट :- निविदा प्राप्त करने हेतु **राशि-1000/- (रूपये-एक हजार रूपये मात्र)** का **ई-चालान सेनानी 13वीं वाहिनी (भा/र) छसबल मड़वारानी, जिला-कोरबा छ.ग.** के नाम लेखा शीर्ष ''0055 पुलिस 0800 मिसलिनियस रिसिप्ट'' के नाम से स्वीकार्य होगा। श्रेणी-वर्ग डी एवं अधिक, निविदा की अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालय से प्राप्त निविदा फार्म में उपलब्ध करा दी जावेगी।

जी-252605479/3

सेनानी
13वीं वाहिनी (भा/र) छसबल
जिला- कोरबा (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

मुझे एक पेड़ काटने के लिए छह घंटे दीजिए और मैं पहले चार घंटे कुल्हाड़ी तेज करने में बिताऊंगा।

# बेरोजगार नौजवानों को आकर्षित करने में विफल

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत अवसर एक लाख 65 हजार थे, लेकिन सवा 33 हजार नौजवान ही ज्वाइन करने को तैयार हुए। उनमें से भी लगभग 20 फीसदी ने बीच अवधि में ही इसे छोड़ दिया। यह कहना शायद जल्दबाजी हो कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना फेल हो गई है। फिर भी यह तो कहा ही जाएगा कि ज्यादातर बेरोजगार नौजवानों को आकर्षित करने में यह विफल रही है। यह बात की पुष्टि खुद संसद में पेश सरकारी आंकड़े करते हैं। कंपनी मामलों के राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने लोकसभा में बताया है कि पहले दो चरणों में सिर्फ 33,300 नौजवानों ने इंटर्नशिप स्वीकार की। उनमें से 6,618 ने बीच में ही इसे छोड़ दिया। पहले चरण में कंपनियों ने 82 हजार और दूसरे चरण में 83 हजार इंटर्नशिप के ऑफर दिए। यानी अवसर एक लाख 65 हजार थे, जबकि सवा 33 हजार नौजवान ही ज्वाइन करने को तैयार हुए। उनमें से भी लगभग 20 फीसदी ने बीच अवधि में ही इसे छोड़ दिया। छोड़ने वालों में बड़ी संख्या उन इंटर्न्स की रही, जिन्होंने कार्यस्थल दूर होने या परिवहन सुविधाजनक ना होने को अपने फैसले की वजह बताया। गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र ने बड़े धूम-धड़ाके से यह योजना घोषित की थी। इसके तहत इंटर्नशिप लेने वाले नौजवानों को एक बार छह हजार रुपए के भुगतान के अलावा 12 महीनों तक पांच हजार रुपए का भत्ता देने का प्रावधान है। सरकार ने कहा था कि इस योजना के तहत पांच वर्ष में एक करोड़ नौजवानों को ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि वे रोजगार का कौशल हासिल कर सकें। मगर पहले दो वर्ष में योजना पर अमल के जो आंकड़े सरकार ने दिए हैं, जाहिर है, वे निराशाजनक हैं। कारण बुनियादी है। बेरोजगारी की समस्या ऐसी मरहम-पट्टी से दूर नहीं होने वाली है। इसके लिए आर्थिक सोच में आमूल परिवर्तन करना होगा। उत्पादन एवं वितरण से संबंधित वास्तविक अर्थव्यवस्था तथा मानव विकास में लगातार निवेश हो, इसे सुनिश्चित करना होगा। मूलभूत क्षेत्रों में निवेश की कमी भारत में बेरोजगारी का प्रमुख कारण है। पिछले लोकसभा चुनाव में अचानक यह समस्या सतह पर उभरती नजर आने लगी। तो नरेंद्र मोदी सरकार ने इस योजना के जरिए समाधान का संदेश देने की कोशिश की। लेकिन गंभीर मसलों से सचमुच आंख मिलाने की इच्छाशक्ति ना हो, तो ऐसे संदेश बेअसर ही साबित होते हैं।

## राशिफल

मेष राशिः आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आप अपना नया व्यापार शुरु करेंगे, आप काम पूरे मन से करेंगे। आज नया अनुभव आप को मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा, आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको विवाद से बचकर रहना चाहिए अन्यथा आप मुसीबत में पड़ सकते हैं।

वृष राशिः आज का दिन आपका बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छूएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेल-जोल बढ़ेगा। किसी नए काम को शुरु करने के लिए आज आप उत्साहित रहेंगे।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्याओं से कुछ राहत मिलेगी तथा आप खुद को ऊर्जावान तथा सकारात्मक महसूस करेंगे। अपने व्यक्तित्व को व्यवस्थित रखने के लिए आत्म मनन भी करना जरूरी है।

कर्क राशिः आज का दिन सुखमय रहेगा। आप में साहस बढ़ेगा और साहस पूर्ण काम करने में सक्षम रहेंगे। आपको गृह भूमि का लाभ मिलेगा। प्रभावशाली काम को करने का अवसर मिलेगा। जिन्दगी में आज नया कदम उठाने का अवसर मिलेगा। धैर्य से काम करना होगा, जिससे काम का पूरा रिजल्ट मिलेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन खुशियां लाएगा। आप घर पर लोगों के साथ अपना मत रखेंगे और अच्छा फल मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। पेट की समस्या के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से आप मिलेंगे, जिससे आपको कुछ राहत मिले। आपको व्यापारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा।

कन्या राशिः आज आपका दिन और अधिक खुशनुमा रहेगा। आप एक नई दिशा में अपना काम करेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार दोस्तों से करेंगे, आपको अच्छी सलाह मिलेगी। अन्न धन में बढ़ोतरी होगी। आप जिस पद पर कार्यरत है उस पद से पदोन्नति होगी। नई दिशा में काम करेंगे जिससे आपकी योजना को बढ़ावा मिलेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज गुस्से की बजाए शांति से समस्या सुलझाएं, क्योंकि घर की व्यवस्था उचित बनाए रखने में आपसी सामंजस्य होना बहुत जरूरी है। आज सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी। आज परिवार के लोगों का साथ मिलेगा। जिससे समस्या का समाधान भी मिल जाएगा। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज आपका समय अपनों के साथ अच्छा बीतेगा।

धनु राशिः आज का आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आज व्यावसायिक गतिविधियों में समय अनुसार परिवर्तन करने की जरूरत है। साथ ही कर्मचारियों तथा स्टाफ पर भी अनुशासन रखेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

मकर राशिः आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। आज आप फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

कुम्भ राशिः आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे, तो एक दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे। निश्चित ही सफलता मिलेगी। पार्टनरशिप संबंधी प्रपोजल भी आ सकता है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा।

# आकाश में उड़ान भरना जोखिम भरा

//रजनीश कपूर//

**इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी भारतीय एयरलाइनों को, जो कि ए320 पर निर्भर हैं, इस संकट से सबक लेना चाहिए। लागत कम करने के चक्कर में सुरक्षा से कोई भी समझौता नहीं करना चाहिए। एयरलाइनों को विविधीकरण अपनाना चाहिए, केवल एक निर्माता पर निर्भर न रहें। हवाई यात्रा ने आधुनिक युग में दुनिया को गांव बनाया है। यह न केवल यात्रियों को दुनिया के कोने-कोने से जोड़ती है, बल्कि व्यापार, पर्यटन और वैश्विक अर्थव्यवस्था का रफ्तार बनाती है। लेकिन क्या नागरिक उड्डयन उद्योग उतना मजबूत है जितना दिखता है। हाल के वर्षों में, विभिन्न संकटों ने इसकी कमजोरियों को उजागर किया है। 2025 में एयरबस के हालिया संकट ने इस बहस को फिर से जीवित कर दिया है।**

एयरबस, जो बोइंग के साथ मिलकर विश्व के अधिकांश यात्री विमानों का निर्माण करता है, ने हाल में अपने ए320 फैमिली एयरक्राफ्ट में एक गंभीर सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी की वजह से वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल मचा दी है। इससे कई सवाल उठने लगे कि क्या हवाई यात्राएँ सुरक्षित हैं।

नवंबर 2025 में, एयरबस ने घोषणा की कि ए320 फैमिली के एक विमान में हुई घटना के विश्लेषण से पता चला कि तीव्र सौर विकिरण (रेडिएशन) महत्वपूर्ण डेटा को बिगाड़ सकता है। यह गड़बड़ी फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम को प्रभावित करती है, जो विमान की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। परिणामस्वरूप, कंपनी ने लगभग 6,000 ए320 सीरीज के विमानों के लिए तत्काल सॉफ्टवेयर अपडेट और पूर्व-सतर्कता कार्रवाई का आदेश दिया।

इसने वैश्विक विमान यात्राओं में भारी व्यवधान पैदा किया। हजारों यात्री हवाई अड्डों पर फंस गए, उड़ानें रद्द हुईं और एयरलाइनों को करोड़ों का नुकसान हुआ। दिसंबर की शुरुआत तक, एयरबस ने दावा किया कि अधिकांश विमानों को ठीक कर लिया गया है, लेकिन अभी भी कई विमानों पर काम चल रहा है।इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि सॉफ्टवेयर समस्या के ठीक बाद, कंपनी ने ए320 के कुछ विमानों के धातु पैनलों में औद्योगिक गुणवत्ता की समस्या पाई, जो फ्यूजलेज को प्रभावित करती है। यह कुछ ही विमानों तक सीमित है, लेकिन यह दर्शाता है कि एक समस्या दूसरी को जन्म दे सकती है।

यह संकट हवाई उद्योग की कमजोरियों को स्पष्ट रूप से उजागर करता है। सबसे बड़ी कमजोरी है बाजार का एकाधिकार। एयरबस और बोइंग मिलकर 90 प्रतिशत से अधिक यात्री विमानों का उत्पादन करते हैं। यदि एक कंपनी में कोई समस्या आती है, तो पूरा उद्योग प्रभावित होता है। उदाहरण के लिए, 2019 में बोइंग 737 मैक्स की दुर्घटनाओं ने पूरे उद्योग को हिला दिया था और अब एयरबस का संकट उसी कड़ी का हिस्सा लगता है। दूसरी कमजोरी है तकनीकी निर्भरता। आधुनिक विमान सॉफ्टवेयर, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम पर आधारित हैं।सौर विकिरण जैसी बाहरी घटनाएं, जो जलवायु परिवर्तन के साथ बढ़ रही हैं, इन सिस्टमों को प्रभावित कर सकती हैं। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरी भी एक बड़ा मुद्दा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में हवाई यात्रा में 5त्न की वृद्धि की उम्मीद थी, लेकिन एयरबस संकट ने इसे प्रभावित किया। एयरलाइनों की लाभप्रदता कम हो गई और निवेशकों का विश्वास डगमगाया। पर्यावरणीय दबाव भी बढ़ रहा है, कार्बन उत्सर्जन को कम करने के प्रयासों में, नई तकनीकों को अपनाने में जोखिम है। कुल मिलाकर, यह उद्योग एक जटिल जाल में फंसा है जहां एक छोटी गड़बड़ी वैश्विक संकट पैदा कर सकती है। वहीं नियामक संस्थाएं जैसे यूरोपीय यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी (ईएएसए), फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) अमेरिका में और भारत में डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) उद्योग के मानकों को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं। एयरबस संकट में, ईएएसए ने तत्काल कार्रवाई की मांग की और सॉफ्टवेयर अपडेट को अनिवार्य किया। नियामकों का काम है विमानों के डिजाइन, निर्माण और संचालन की जांच करना। वे सर्टिफिकेशन प्रक्रिया के माध्यम से सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी नया विमान या अपडेट सुरक्षा मानकों को पूरा करे। लेकिन क्या वे पर्याप्त हैं?

बोइंग 737 मैक्स मामले में एफएए की आलोचना हुई कि उन्होंने निर्माता पर ज्यादा भरोसा किया। एयरबस मामले में भी, यदि सौर विकिरण की समस्या पहले पता चल जाती, तो संकट टाला जा सकता था। नियामकों को अधिक सक्रिय होना चाहिए, नियमित ऑडिट, स्वतंत्र जांच और उभरते जोखिमों जैसे साइबर हमलों या ्राट्रीय होते हैं। भारत जैसे विकासशील देशों में, डीजीसीए को मजबूत बनाना चाहिए ताकि स्थानीय एयरलाइनों पर सख्ती से मानक लागू हों। नियामकों की भूमिका न केवल संकट प्रबंधन में है, बल्कि सकारात्मक उपायों में भी, जो उद्योग की कमजोरियों को कम कर सकती है और हवाई यात्राओं को सुरक्षित बना सकती है। एयरलाइनों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। वे अंतिम उपयोगकर्ता हैं और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाती हैं। एयरबस संकट में, अमेरिकन एयरलाइंस जैसी कंपनियों ने तत्काल अपने बेड़े को अपडेट किया। एयरलाइनों को नियमित रखरखाव, पायलट प्रशिक्षण और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर जोर देना चाहिए। वे निर्माताओं से पार्ट्स और अपडेट प्राप्त करती हैं, लेकिन अपनी जांच भी करनी चाहिए।

उदाहरण के लिए, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी भारतीय एयरलाइनों को, जो कि ए320 पर निर्भर हैं, इस संकट से सबक लेना चाहिए। लागत कम करने के चक्कर में सुरक्षा से कोई भी समझौता नहीं करना चाहिए। एयरलाइनों को विविधीकरण अपनाना चाहिए, केवल एक निर्माता पर निर्भर न रहें। साथ ही, यात्री संचार में पारदर्शिता रखें, ताकि विश्वास बना रहे। कुल मिलाकर, एयरलाइनों की जिम्मेदारी है कि वे नियामकों के साथ मिलकर मानकों को लागू करें और संकटों में त्वरित प्रतिक्रिया दें।एयरबस संकट ने साबित किया कि हवाई उद्योग कितना संवेदनशील है। तकनीकी, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों से घिरा हुआ है। लेकिन मजबूत नियामक ढांचा और जिम्मेदार एयरलाइंस इसकी रक्षा कर सकती हैं। सरकारों को अनुसंधान में निवेश करना होगा, उद्योग को अधिक लचीला बनाना होगा, ताकि भविष्य के संकटों से निपटा जा सके। आखिरकार सुरक्षा सर्वोपरि है, क्योंकि आकाश में उड़ान भरना जोखिम भरा है, लेकिन इसे सुरक्षित बनाना सभी की जिम्मेदारी है।

# भाजपा में युवा नेतृत्व की नई आहट पर भरोसा

**भारतीय राजनीति में लंबे समय से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब एक निर्णायक मोड़ पर आ खड़ी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है।**



यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड का यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक लिए गए साहसिक, अप्रत्याशित और दूरगामी परिणाम देने वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय भी है।

नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है। उनका राजनीतिक व्यक्तित्व केवल भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन खड़ा करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखने की क्षमता से परिपूर्ण है। यही गुण भाजपा की आत्मा भी है-जहां व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक स्थायी गुण रहा है-नए चेहरों पर भरोसा और पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्माण। चाहे वह केंद्र सरकार में मंत्रियों का चयन हो, राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति हो या संगठन में बदलाव-मोदी ने बार-बार यह साबित किया है कि वे भविष्य की राजनीति को आज गढ़ने में विश्वास रखते हैं। नितिन नबीन का चयन भी इसी विचारधारा का प्रतिफल है। यह निर्णय संकेत देता है कि भाजपा अब केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं रहना चाहती, बल्कि अगले दो-तीन दशकों के लिए एक स्थायी वैचारिक और संगठनात्मक नेतृत्व तैयार कर रही है। युवा पीढ़ी, विशेषकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को आकर्षित करने की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं, तो उनका नेतृत्व स्वतः ही प्रमाणित हो जाएगा। यही वह मंच है, जहां उनका रुतबा, कौशल और रणनीतिक दृष्टि राष्ट्रीय राजनीति के सामने स्पष्ट होगी।

भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की 'चमत्कार करने वाली' संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह निर्णय उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की क्षमता रखता है, जो लंबे समय से अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही थीं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा में पद नहीं, क्षमता निर्णायक होती है।

नितिन नबीन भारतीय राजनीति की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठनात्मक निष्ठा, वैचारिक स्पष्टता और सतत जनसंपर्क को अपनी राजनीतिक पहचान बनाया है। छात्र राजनीति से लेकर सक्रिय सार्वजनिक जीवन तक उनका सफ़र अनुशासन, कर्मठता, राष्ट्रीयता और संघर्ष की पाठशाला रहा है। वे जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने वाले, जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझने वाले और उन्हें प्रशासनिक व राजनीतिक मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने वाले नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। नितिन नबीन की कार्यशैली में युवाओं के प्रति विश्वास, विकासोन्मुख सोच और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे पद को नहीं, दायित्व को प्राथमिकता देते हैं और संगठन के मूल्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ़ते रहे हैं।

नितिन नबीन सिन्हा कायस्थ समुदाय के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। अभी उन्हें जेपी नड्डा की जगह पर भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है जो अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यभार संभालेंगे। वे वर्तमान में बिहार सरकार में सड़क निर्माण मंत्री है। उन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में लगभग 84,000 वोटों से जीत हासिल की। पिछले चुनाव में उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा को भारी अंतर से हराया था। पुष्पम प्रिया चौधरी भी इस चुनाव में भारी अंतर से हार गईं। वे पटना जिले के बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बिहार विधान सभा के सदस्य हैं। 2 मार्च 2017 को, नबीन ने बिहार कांग्रेस के नेता अब्दुल जलील मस्तान के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया और उनकी नागरिकता पर सवाल उठाया।

मस्तान ने कथित तौर पर एक रैली में भीड़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर को जूतों से मारने के लिए कहा था। भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सशक्त संगठनात्मक आंदोलन है, जिसकी आत्मा उसका अनुशासित, समर्पित और वैचारिक रूप से सजग कार्यकर्ता है। पार्टी का संगठनात्मक ढाँचा बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सहभागिता, संवाद और सामूहिक निर्णय की परंपरा को मजबूत करता है। संगठन नेतृत्व के प्रति कार्यकर्ताओं का अटूट विश्वास, स्पष्ट दिशा और नेतृत्व की पारदर्शिता भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। यहाँ कार्यकर्ता स्वयं को सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सहभागी मानता है। यही कारण है कि भाजपा में नेतृत्व और कार्यकर्ता के बीच विश्वास, प्रतिबद्धता और परस्पर सम्मान का संबंध दिखाई देता है, जो पार्टी को निरंतर सशक्त और गतिशील बनाए रखता है।

नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनयन केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति नहीं, बल्कि भाजपा के भविष्य की राजनीति का स्पष्ट संकेत है। यह युवा नेतृत्व, वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक अनुशासन और संघ-समन्वय का संगम है। यदि नितिन नबीन इस जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हैं-विशेषकर पश्चिम बंगाल जैसी कठिन राजनीतिक भूमि पर-तो वे न केवल भाजपा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेंगे, बल्कि भारतीय राजनीति में युवा नेतृत्व की नई परिभाषा भी गढ़ेंगे। यही वह क्षण है, जहां राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि दृष्टि, धैर्य और दूरदर्शिता का प्रमाण बन जाती है।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अम्मान एयरपोर्ट पर पहुंचने पर जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने उनका स्वागत किया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राज कुमार गोयल को मुख्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई।



बिहार के कैबिनेट मंत्री और बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने पटना के महावीर मंदिर में भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में भाषण दिया।



जैनी, ब्रुनेई दारुस्सलाम के उच्चायुक्त,को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्रीमती सिती अरनीफरिज़ा हाजी मोहम्मद से परिचय पत्र प्राप्त किया।

# इंश्योरेंस एजेंट को कितना कमीशन मिला, अब ग्राहक को देनी होगी जानकारी, संसद में बिल होगा पेश



**नई दिल्ली।** अब इंश्योरेंस लेने के दौरान बिल में यह भी दिखाना होगा कि इंश्योरेंस करने वाले एजेंट को कितना कमीशन मिला है। इससे उपभोक्ता को यह पता चल सकेगा कि उसके भुगतान में किन-किन लोगों की कितनी हिस्सेदारी है।अभी पालिसी के ब्रेकअप में यह नहीं दिखाया जाता है। पालिसी होल्डर्स के हितों की रक्षा और उन्हें जागरूक बनाने के लिए एक फंड भी बनाया जाएगा। यह फंड विभिन्न प्रकार के दान और कंपनियों पर लगाए जाने वाले जुर्माने की मदद से बनाया जाएगा।सबका बीमा, सबकी सुरक्षा ( बीमा संशोधन) बिल 2025 में ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह प्रविधान किया गया है। यह बिल इस सप्ताह संसद में पेश हो सकता है। कैबिनेट कमेटी ने इस बिल को अपनी मंजूरी पहले ही दे दी है। मुख्य रूप से इस बिल का उद्देश्य इंश्योरेंस सेक्टर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना है ताकि इस सेक्टर में कई नई कंपनियां आ सकें और पहले से काम कर रहीं कंपनियां अपना विस्तार कर सकें। इससे इंश्योरेंस सेक्टर में विभिन्न प्रकार के नए-नए उत्पाद आएंगे और कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे ग्राहकों को फायदा होगा। लोगों के इंश्योरेंस के साथ सभी संस्थान व मकानों को सरकार इंश्योरेंस के दायरे में लाना चाहती है। बिल में यह भी कहा गया है कि इंश्योरेंस कंपनियां किसी ग्राहक के डाटा को किसी अन्य जगह पर शेयर नहीं कर सकेंगी।

ऐसा करने पर कंपनी को जुर्माना भरना पड़ सकता है।बिल में भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) के अधिकार को बढ़ाने का भी प्रविधान किया गया है। इरडा नियमों का उल्लंघन करने पर इंश्योरेंस कंपनियों पर भारी जुर्माना लगेगा। जुर्माना दस करोड़ तक का हो सकता है।इरडा किसी गलत चलन को रोकने के लिए इंश्योरेंस कंपनियां व इंटरमीडिएरिज दोनों को निर्देश दे सकता है।

# एक करोड़ का लालच और खौफनाक साजिश... गर्लफ्रेंड के मैसेज ने खोल दी पोल

**लातूर , 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने बीमा का पैसा पाने के लिए अपनी ही मौत का नाटक रच दिया। उसने एक बेगुनाह राहगीर की हत्या कर दी, कार जला दी और अपने परिवार को यकीन दिला दिया कि वह मर चुका है। लेकिन गर्लफ्रेंड को भेजे गए मैसेज ने उसकी पूरी साजिश खोल दी।रविवार तड़के महाराष्ट्र के लातूर जिले के औसा तालुका में पुलिस को सूचना मिली कि एक पूरी तरह जली हुई कार में एक जला हुआ शव मिला है। जांच में पता चला कि कार का मालिक किसी रिश्तेदार को कार देकर गया था। पुलिस ने जब उस रिश्तेदार गणेश चव्हाण से संपर्क करने की कोशिश की, तो बताया गया कि वह घर नहीं लौटा है और उसका फोन भी बंद है। गणेश चव्हाण एक बैंक रिकवरी एजेंट था।इन तथ्यों के आधार पर पुलिस को शुरू में लगा कि जली हुई कार में मिला शव गणेश चव्हाण का ही है। लातूर के एसपी अमोल तांबे ने कहा कि शुरुआती जांच में यही निष्कर्ष निकाला गया था।लेकिन सोमवार को जांच आगे बढ़ी तो कई बातें संदिग्ध लगने लगीं। पुलिस ने चव्हाण की निजी जिंदगी की जांच शुरू की और पता चला कि उसका एक महिला के साथ प्रेम संबंध था। जब पुलिस ने उस महिला से पूछताछ की, तो उसने बताया कि घटना के बाद भी गणेश चव्हाण उसे दूसरे मोबाइल नंबर से मैसेज और चैट कर रहा था।इससे साफ हो गया कि जिसे मरा हुआ समझा जा रहा था, वह जिंदा है। पुलिस ने उस दूसरे नंबर को ट्रैक किया और चव्हाण को पहले कोल्हापुर और फिर सिंधुदुर्ग जिले के विजयदुर्ग से गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में चव्हाण ने कबूल किया कि उसने एक करोड़ रुपये की जीवन बीमा पॉलिसी ली थी। वह इस पैसे से अपने घर का लोन चुकाना चाहता था। इसी वजह से उसने अपनी मौत का नाटक रचने की साजिश बनाई। शनिवार को उसने औसा के तुलजापुर टी-जंक्शन पर एक राहगीर गोविंद यादव को लिफ्ट दी। पुलिस के मुताबिक यादव नशे में था और चव्हाण ने इसका फायदा उठाया। वे एक ढाबे पर रुके, फिर वनवाडा पाटी-वनवाडा रोड की ओर गए। कार खड़ी करने के बाद यादव खाना खाकर गाड़ी में ही सो गया।इसके बाद चव्हाण ने यादव को खींचकर ड्राइवर सीट पर बैठाया, सीट बेल्ट लगाई, सीट पर माचिस और प्लास्टिक बैग रखे और आग लगा दी। कार पूरी तरह जल गई और यादव की मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस को गुमराह करने और परिवार को यकीन दिलाने के लिए चव्हाण ने अपनी कलाई का ब्रेसलेट शव के पास छोड़ दिया, ताकि शव की पहचान उसी के रूप में हो जाए।

## इंडिगो संकट के बीच नवी मुंबई एयरपोर्ट से फ्लाइट सर्विस शुरू करेगी स्टार एयर, इन जगहों के लिए मिलेगी सर्विस

**नई दिल्ली 16 दिसम्बर।** क्षेत्रीय एयरलाइन स्टार एयर ने सोमवार को नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अपनी फ्लाइट सर्विस शुरू करने की घोषणा की, जहां 25 दिसंबर को पहली पैसेंजर फ्लाइट शुरू होने वाली है।एयरलाइन ने कहा कि वह 25 दिसंबर से नई उड़ानों के जरिए नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को अहमदाबाद, गोवा (मोपा), बेंगलुरु और नांदेड़ से जोड़ेगी। कंपनी ने बताया कि स्टार एयर ग्राहकों को नवी मुंबई और पश्चिमी और दक्षिणी भारत के महत्वपूर्ण बिजनेस और लेजर सेंटर्स के बीच आसान कनेक्टिविटी देगी।एयरलाइन ने बताया कि नए शेड्यूल में नवी मुंबई-अहमदाबाद, अहमदाबाद होते हुए नवी मुंबई-नांदेड़, नवी मुंबई-गोवा (मोपा) और गोवा (मोपा) होते हुए नवी मुंबई-बेंगलुरु जैसी सर्विस शामिल हैं।स्टार एयर ने कहा कि इन नए रूट्स पर सभी फ्लाइट्स एम्ब्रेयर 175 एयरक्राफ्ट से ऑपरेट की जाएंगी। एयर कंपनी ने यह कदम इंडिगो संकट के बीच उठाया है, जिसको लेकर फिलहाल बवाल मचा हुआ है।

# बंधुआ मजदूर से लेकर सरपंच तक... तेलंगाना की महिला का एक अविश्वसनीय सफर



**नागरकुरनूल, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

हाथ पकड़े महिलाओं का जश्न, आंखों से बहते आंसू और पेड्डा लिंगम्मा की जीत की मुस्कान रविवार को तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले के अमरागिरी गांव में हवा में सिर्फ धूल ही नहीं, बल्कि खुशी और मुश्किल से मिली आजादी का जबरदस्त एहसास भी था।दरअसल, पेड्डा लिंगम्मा को ग्राम पंचायत चुनावों में गांव का सरपंच (मुखिया) चुना गया, जो उनके और उनके पूरे समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक पहली घटना थी। तीन दशकों से ज्यादा समय तक पेड्डा लिंगम्मा और चेंचु जनजाति के 44 दूसरे परिवार एक अनोखे और क्रूर तरह के बंधुआ मजदूरी के शिकार थे। मछली व्यापार को कंट्रोल करने वाले स्थानीय व्यापारियों के कर्ज और दबाव में फंसे ये परिवार हमेशा गरीबी में रहने को मजबूर थे, उन्हें सही बाजार तक पहुंच नहीं मिलती थी और वे दुर्व्यवहार के साये में जीते थे।10 साल पहले, जनवरी 2016 में इन जिंदगी में तब टर्निंग पॉइंट आया जब एक सरकारी जांच में पूरे गांव के बंधुआ मजदूर होने की बात की पुष्टि हुई, जिसके बाद 106 लोगों को बचाया गया और 65 रिलीज सर्टिफिकेट जारी किए गए।लेकिन ये कहानी यहीं खत्म नहीं हुई बल्कि सशक्तिकरण के साथ शुरू हुई। बचे हुए लोगों ने खुद को अमरागिरी रिहा बंधुआ मजदूर संघ (आरबीएलए) के रूप में संगठित किया, सरकारी फायदे हासिल किए और अपनी आर्थिक आजादी पक्की करने के लिए मछली-प्रोसेसिंग यूनिट जैसी जरूरी पहल शुरू कीं।कल की चुनावी जीत सत्ता में आखिरी, बड़ा बदलाव है। पेड्डा लिंगम्मा की जीत सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह उनके समुदाय के मजबूत इरादों की सबसे बड़ी पुष्टि है। यह इस बात का संकेत है कि बंधुआ मजदूरी के शिकार रहे लोग अब नेतृत्व की बागडोर संभाल रहे हैं और अपनी किस्मत खुद तय करने के लिए तैयार हैं।गांव वाले, जिनमें से कई खुद पहले बंधुआ मजदूर रह चुके हैं, पेड्डा लिंगम्मा को बहुत खुशी से गले लगाते दिखे।

# मधेपुरा के RJD विधायक पर संवेदक ने किया मुकदमा, जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**मधेपुरा।** नगर परिषद क्षेत्र में बुडको द्वारा 72 करोड़ की लागत से कराए जा रहे स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। निर्माण एजेंसी एए पटना (जेवी) के प्रोपराइटर अमित कुमार ने सदर थाना में आवेदन देकर कार्यस्थल पर पुलिस फोर्स व बॉडीगार्ड उपलब्ध कराने की मांग की है।साथ ही स्थानीय राजद विधायक प्रो. चंद्रशेखर व उनके प्रतिनिधि आलोक कुमार मुन्ना समेत अन्य समर्थकों पर निर्माण कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप व रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी का गंभीर आरोप लगाया है। नौ दिसंबर को मधेपुरा थाना में दिए गए आवेदन के आधार पर 15 दिसंबर को एफआईआर दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार ने इसकी पुष्टि की है। सदर विधायक के खिलाफ यह दूसरा केस है। इससे



पहले 25 नवंबर को निर्माण कार्य में जुटे अररिया जिला निवासी मजदूर सोनू निगम ने केस दर्ज कराया था। उसमें 23 नवंबर की रात निरीक्षण के दौरान थप्पड़ मारने व गाली-गलौज करने के अलावा निर्माण एजेंसी से रंगदारी मांगने का आरोप था।संवेदक अमित कुमार द्वारा 15 दिसंबर को दर्ज कराए गए केस के अनुसार विधायक एवं उनके 10 सहयोगी 23 नवंबर की रात्रि 9.25 बजे कार्यस्थल पर पहुंचकर मजदूर सोनू निगम को अचानक थप्पड़ मारकर गली-गलौज करने लगे। इससे वह बुरी तरह डर गया। साथ ही कार्यस्थल पर अफरातफरी मच गई।इस घटना के बाद मजदूर सोनू निगम द्वारा सदर थाना में विधायक एवं अन्य के विरुद्ध केस किया गया। मामले में अब तक किसी के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसके बाद भी लगातार मिल रही धमकियों के कारण कार्य कराना मुश्किल हो गया है।विधायक के प्रतिनिधि आलोक कुमार मुन्ना द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर आशुतोष कुमार को वॉट्सऐप कॉल कर रंगदारी मांगी गई। जान से मारने व ठेकेदारी बर्बाद करने की धमकी भी दी जा रही है। महागठबंधन सरकार द्वारा शहर के विकास के लिए 72 करोड़ से स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम की स्वीकृति दी गई थी। नाला निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही है।

# आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, जैश के कई आतंकी घिरे, एक जवान बलिदान

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। यह मुठभेड़ सोमवार शाम शुरू हुई। जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। मुठभेड़ में जम्मू-कश्मीर पुलिस विशेष अभियान दल (एसओजी) का एक जवान बलिदान हो गया। बलिदानी जवान का नाम अमजद पठान बताया जा रहा है। एक सैन्यकर्मी के घायल होने की भी सूचना है। बलिदानी अमजद पठान जिला पुंछ में मेंढर का रहने वाला था। आईजीपी जम्मू ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस को मिली सूचना के आधार पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान उधमपुर के सोआन गांव में आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हो गई। एसओजी की संयुक्त टीम और सीआरपीएफ के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया जा रहा है। सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों की संयुक्त टीमों ने मजालता तहसील के सौन-मारथा इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। तलाशी के दौरान छिपे हुए आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर



दी, जिसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई।सूत्रों के अनुसार अभी तक रुक-रुक कर गोलीबारी जारी थी। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त बलों को मौके पर रवाना कर दिया गया है और आतंकियों के भागने की आशंका को रोकने के लिए सभी संभावित रास्तों को सील कर दिया गया है।

सुरक्षाबल पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन को और तेज कर रहे हैं।अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ शाम करीब छह बजे घिरे हुए गांव में शुरू हुई और कुछ देर तक चली, जिसमें एसओजी का एक जवान घायल हो गया, जिसने बाद में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि शुरुआती गोलीबारी में एक आतंकवादी भी घायल हुआ है।उन्होंने आगे बताया कि ऑपरेशन को रात के लिए रोक दिया गया है और मंगलवार को सुबह होते ही इसे फिर से शुरू किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि घेराबंदी को मजबूत करने और आतंकवादियों को खत्म करने के लिए इलाके में अतिरिक्त बल भेजे गए हैं।

# बिहार चुनाव में राजद पोस्टल बैलेट में आगे, ईवीएम से पलटा

## राज्यसभा में कांग्रेस सांसद अखिलेश सिंह के गंभीर सवाल



**पटना, 16 दिसम्बर ।**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने सोमवार को उच्च सदन में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए।उन्होंने कहा कि बिहार के चुनाव में पढ़े-लिखे और जागरूक मतदाताओं ने बदलाव के लिए मतदान किया था, लेकिन नतीजे सामने आने पर आंकड़े पूरी तरह बदलते दिखे, जिससे आम मतदाता भ्रमित है कि उसका वोट आखिर गया कहां। डॉ. सिंह ने सदन में कहा कि बिहार में 1.77 लाख लोगों ने पोस्टल बैलेट किया। पोस्टल बैलेट के आंकड़ों के अनुसार, राजद को 27.2 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि जदयू को 16.5 प्रतिशत, भाजपा को 17 प्रतिशत और कांग्रेस को 10.6 प्रतिशत वोट मिले। लेकिन, जब ईवीएम के नतीजे सामने आए तो ये आंकड़े सीधे तौर पर बदल गए। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग आज भी समझ नहीं पा रहे हैं कि उन्होंने किसे वोट दिया और नतीजे किस आधार पर सामने आए।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि जो पार्टी राम राज्य की वकालत करती रही, वह चुनावी आकलन में तीसरे नंबर पर चली गई थी, लेकिन परिणामों में तस्वीर अलग दिखी। उन्होंने आरोप लगाया कि आज लोकतांत्रिक संस्थाओं को ही चोट पहुंचाई जा रही है और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाएं सवालों के घेरे में हैं।उन्होंने मांग की कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इन तमाम पहलुओं की गंभीर समीक्षा होनी चाहिए, ताकि लोकतंत्र में जनता का भरोसा बना रह सके।

# झारखंड हाईकोर्ट ने हरमू नदी और जलस्रोतों से अतिक्रमण हटाने पर जताया असंतोष, सफाई नहीं हुई तो अवमानना का मामला

**रांची, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में राज्य के जलस्रोतों एवं नदियों को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने जलस्रोतों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर असंतुष्टि जताई।अदालत ने सरकार के जवाब पर मौखिक रूप से कहा कि अतिक्रमण हटाने में भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। जलाशयों पर अतिक्रमण करने वाले सभी लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ अभियान चलाया जाए। अदालत ने कहा कि नगर निगम हरमू नदी को प्लास्टिक मुक्त करे। अगर ऐसा नहीं किया गया तो अदालत संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अवमानना का मामला चलाएगी।मामले में अगली सुनवाई पांच जनवरी को होगी। कोर्ट ने कहा कि जलस्रोतों की दुर्दशा केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य और शहरी जीवन से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि हरमू नदी में मुक्तिधाम के निकट प्लास्टिक एवं कचरा का जमाव हो गया है।भारी मात्रा में कचरा जमा होने के कारण नदी की धारा लगभग अवरुद्ध हो चुकी है। कोर्ट ने सरकार से हरमू नदी की सफाई को लेकर अब तक की गई कार्रवाई, प्रस्तावित योजना और नदी को पूरी तरह साफ करने की समय सीमा से संबंधित विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने को कहा है।सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि बड़ा तालाब की सफाई को लेकर अब तक क्या-क्या कार्रवाई की गई है। सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि रुड़की स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ



हाइड्रोलाजी (आईआईएच) के विशेषज्ञों से रिपोर्ट मांगी गई है, जिसमें बड़ा तालाब के तल में जमी गाद और गंदगी को वैज्ञानिक तरीके से हटाने की योजना तैयार की जा रही है।

प्रार्थी ने कहा कि सरकार ने सितंबर में ही रुड़की के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हाइड्रोलाजी को इसका काम दिया था।पूर्व में कोर्ट ने राज्य के सभी जिलों के जलस्रोतों से अतिक्रमण हटाने को लेकर कार्रवाई करने, अतिक्रमण हटाने के बाद वहां फिर से कोई अतिक्रमण न होने, जलस्रोतों ठोस कचरा जाने से रोकने आदि के संबंध में दिशा निर्देश दिया था। जलस्रोतों के संरक्षण को लेकर टास्क फोर्स गठित कर स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी थी। कोर्ट को बताया गया था कि रांची के बड़ा तालाब की सफाई सही ढंग से नहीं हो पा रही है। न्याय मित्र ने कहा था कि रांची के कांके डैम, धुर्वा डैम एवं गेतलसूद डैम में अतिक्रमण किया गया है। सरकार पूर्व के आदेशों का अनुपालन नहीं कर रही है।

# विकसित भारत 2047 का विजन, डिजिटल भुगतान... कैसे श्रमिकों-किसानों को मिलेगा बड़ा फायदा ?

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार लोकसभा में एक नया ग्रामीण रोजगार कानून पेश करने जा रही है, जिसमें दो दशक पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने और उसकी जगह एक नया विधेयक लाने का प्रस्ताव है।नए बिल का नाम है-विकसित भारत-जीरामजी (गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन, ग्रामीण) विधेयक-2025। इसका लक्ष्य ग्रामीण रोजगार और विकास को विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप बनाना है। विकसित भारत-जीरामजी मनरेगा का एक व्यापक प्रारूप है। नई योजना के तहत निर्मित सभी संपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण बुनियादी ढांचे में समेकित किया जाएगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण विकास के लिए एकीकृत और समन्वित राष्ट्रीय दृष्टिकोण सुनिश्चित करना है।नया अधिनियम मनरेगा का एक उन्नत संस्करण है, जो संरचनात्मक कमजोरियों को दूर करते हुए रोजगार, पारदर्शिता, योजना और जवाबदेही को बढ़ाता है। मनरेगा को 2005 के लिए बनाया गया



था, लेकिन ग्रामीण भारत में तब से अब तक काफी बदलाव आ चुका है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार, उपभोग, आय और वित्तीय पहुंच में वृद्धि के कारण गरीबी दर 25.7 प्रतिशत (2011-12) से घटकर 4.86 प्रतिशत (2023-24) रह गई है।

मजबूत सामाजिक सुरक्षा, बेहतर कनेक्टिविटी, डिजिटल पहुंच में वृद्धि और ग्रामीण आजीविका के अधिक साधनों के साथ पुराना ढांचा आज की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के अनुरूप नहीं रह गया है। इस संरचनात्मक परिवर्तन को देखते हुए मनरेगा का माडल पुराना पड़ गया था। विकसित भारत-जीरामजी विधेयक इस प्रणाली का आधुनिक वर्जन है। इसमें आज की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अधिक जवाबदेह और प्रासंगिक रोजगार ढांचा तैयार किया गया है।

# जौनपुर में बेटे ने लोढ़ा से कूंचकर मां-बाप को उतारा मौत के घाट, बोरे में भरकर नदी में फेंकी लाश



**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के अहमदपुर छावनी गौरियाना निवासी बेटे ने करीब एक सप्ताह पूर्व माता-पिता की लोढ़ा से सिर कूंचकर हत्या कर दी। साक्ष्य मिटाने की नीयत से शवों को बोरे में भरकर कार से ले जाकर गोमती नदी में फेंक दिया। यह राजफाश सोमवार उसी समय से लापता कपूत के सोमवार को पुलिस के हत्थे चढ़ने पर पूछताछ के दौरान हुआ। मुकदमा दर्ज कर पुलिस शवों की तलाश में जुट गई है। श्याम बहादुर रेलवे के रिटायर्ड लोको पायलट थे। सोमवार को पुलिस ने अंबेश कुमार को गांव के पास से ही धर दबोचा। पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो वह भ्रमित करने के लिए इधर-उधर की बातें करता रहा। मामला संदिग्ध दिखने पर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गया। अंबेश कुमार ने स्वीकार किया कि पारिवारिक व पैसों के लेनदेन के विवाद में उसने आठ दिसंबर को ही बट्टा (मसाला पीसने में प्रयुक्त होने वाला पत्थर तराश कर बने लोढ़ा) से सिर पर वार कर माता-पिता को मार डालने के बाद शव बोरे में भरकर क्षेत्र के बेलांव घाट ले जाकर गोमती नदी में फेंक दिया था। एएसपी ने आयुष श्रीवास्तव ने बताया आरोपित से पूछताछ की जा रही है। अब तक की छानबीन में तथ्य सामने आया है कि श्याम बहादुर की चार संतानों में तीन पुत्रियां हैं। इकलौता पुत्र अंबेश कुमार तीसरे नंबर पर है। कोरोना संक्रमण काल के दौरान अंबेश कुमार ने कोलकाता में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली युवती से प्रेम विवाह कर लिया था। माता-पिता व बहनें स्वीकार नहीं कर रही थीं। इससे अंबेश कुमार को आशंका थी कि माता-पिता उसे संपत्ति से बेदखल कर उसका हक-हिस्सा भी बहनों को दे देंगे। यही घटना का कारण बना। आरोपित अंबेश कुमार को लेकर शवों की तलाश शुरू कर दी गई है।अंबेश ने जब मां-बाप की हत्या की बात को स्वीकार की तो पुलिस अधिकारी भी सन्न रह गए। अंबेश अधिकतर समय कोलकाता में ही रहता था। वह जब भी वापस आता था पैसे व प्रापर्टी को लेकर मां-बाप से अक्सर झगड़ता था। परिवार की मनाही के बाद भी लव मैरिज करने की वजह से भी किचकिच होती थी।

## उत्तराखंड के नंदा देवी पर्वत पर नहीं मिले न्यूक्लियर रेडिएशन के प्रमाण, पूर्व DG ने विकिरण को बताया अफवाह

देहरादून। दुनिया की सबसे ऊंची और दुर्गम चोटियों में से एक नंदा देवी पर्वत पर 60 साल पहले अमेरिका के एक खुफिया मिशन के दौरान परमाणु उपकरण के वहीं छूट जाने को लेकर चर्चाओं और कयासबाजी का दौर गाहे-बगाहे छिड़ जाता है। वर्ष 2021 में जब चमोली जिले के ऋषिगंगा कैचमेंट से जलप्रलय निकली थी तो उसे विज्ञानियों ने हैंगिंग ग्लेशियर के टूटने से उपजी आपदा बताया था। यहां तक बात ठीक थी, लेकिन कुछ ही समय बाद अफवाह उड़ने लगी कि हैंगिंग ग्लेशियर उस परमाणु उपकरण से निकले विकिरण (रेडिएशन) के चलते टूटा है, जो वर्ष 1965 में अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के गोपनीय मिशन के दौरान नंदा देवी पर्वत पर छूट गया था। आपदा से पहले भी इस तरह की चर्चा सामने आती रही थी। ऋषिगंगा आपदा के चार साल बाद अब इन दिनों फिर से परमाणु उपकरण और विकिरण की चर्चा ने जोर पकड़ा है। इस बार खुफिया मिशन को लेकर कुछ नये तथ्य भी सामने रखे गए हैं।

# महाठग के साझेदार बताए जा रहे सोनू सूद पर भी केस की तैयारी, फिल्म में ठगी के पैसे लगाए जाने का अनुमान

**कानपुर, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**



महाठग रवींद्रनाथ सोनी के जेल जाने के बाद अब उसके साथी बताए जा रहे अभिनेता सोनू सूद और मास्टरमाइंड साथी सूरज जुमानी भी कानून के शिकंजे में फंस सकते हैं। पीड़ितों के बयान और अब तक मिले साक्ष्यों के आधार पर रवींद्रनाथ के साथ सोनू सूद और सूरज जुमानी के नाम भी पर भी मुकदमे दर्ज करने की पुलिस तैयारी कर रही है।जल्द इन दोनों के साथ ही कंपनी के अन्य साझेदारों पर भी मुकदमे होंगे। एसआइटी का अनुमान है कि ठगी के रुपये सोनू सूद की एक फिल्म में भी लगाए गए। रवींद्रनाथ सोनी की ब्लूचिप नाम की कंपनियों में निवेश करने के नाम पर 10 देशों के एक हजार से ज्यादा लोगों के साथ 970 करोड़ की ठगी का पुलिस ने दावा किया था। एसआईटी की जांच में सोनी के संपर्क अभिनेता सोनू सूद, सूरज जुमानी, रेसलर खली, महिला खिलाड़ी, पूर्व क्रिकेटर समेत कई चर्चित हस्तियों से होने के साक्ष्य मिले थे, जिनके कई वीडियो और फोटो भी एसआईटी के पास हैं। उन सभी के कनेक्शन के बारे में भी पीड़ितों ने बताया। अब तक एसआईटी की जांच में सोनू सूद, खली और सूरज जुमानी के ठगी की रकम को फिल्मों में लगाने, फुटबाल मैच कराने, संपत्ति और कारें खरीदने, क्रिप्टों में बदलने, दुबई के मीना बाजार और दिल्ली से हवाला में पैसे भेजने की पुष्टि हो चुकी है।

सोनी के साथ इस ब्लूचिप कंपनियों को सूरज जुमानी, उसका अकाउंटेंट अभिषेक राव, गुरमीत कौर व विभाष त्रिवेदी चला रहे थे। कोतवाली पहुंचे पीड़ितों ने भी इन सभी के नाम लिए थे। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि विभाष त्रिवेदी के काल सेंटर, पाकिस्तान, नोएडा, विशाखापत्तनम में हैं। विशाखापत्तनम के काल सेंटर में छापा भी मारा गया था। आशंका है कि गिरोह निवेश के नाम पर साइबर ठगी भी करता था।ठगी का शिकार हुए पांच और पीड़ित सोमवार को शहर पहुंचे। उनसे 3.40 करोड़ रुपये ठगे गए। वे सभी दुबई की अलग-अलग कंपनियों में कार्यरत हैं। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि रवींद्रनाथ ने ही अभिनेता सोनू सूद, अभिषेक राव, सूरज जुमानी, गुरमीत कौर, विभाष त्रिवेदी से मिलवाया था। उन सभी ने निवेश करने पर लाभ मिलने का दावा कर उन्हें झांसे में लिया था।

# क्रिसमस के जश्न के दौरान महिलाएं पहन सकती हैं ये लाल आउटफिट, लगेंगी सबसे सुंदर

**दिसंबर शुरू होते ही लोग क्रिसमस का इंतजार करते हैं, जो 25 तारीख को पड़ता है। इस खास पर्व पर पूरी दुनिया रौशनी से जगमगा उठती है और हर तरफ क्रिसमस ट्री सजी नजर आती हैं। महिलाओं के लिए यह सजने-संवरने का शानदार मौका भी होता है। इस त्योहार पर लाल कपड़े पहनने का चलन रहता है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको क्रिसमस के लिए 5 ट्रेंडी लाल आउटफिट बताएंगे, जिनमें आप सबसे सुंदर दिखेंगी।**

लाल स्वेटर के साथ स्कर्ट

क्रिसमस पर स्वेटर पहनने की परंपरा होती है, जिसका फायदा उठाते हुए आप शानदार आउटफिट बना सकती हैं। आप लाल रंग का स्वेटर चुन सकती हैं, जो या तो क्रॉप हो या आपके साइज से थोड़ा बड़ा हो। इसके साथ काले रंग की मिनी स्कर्ट पहनें, जो या तो फिटिंग की हो या फिर टेनिस स्कर्ट हो। इसके साथ फ्लीस लेगिंग पहनें, जो पैरों को गर्म रखेंगी। लुक को पूरा करने के लिए लाल या काले लंबे बूट्स पहन लें।

लाल मिनी ड्रेस

क्रिसमस जैसे खास त्योहार पर मिनी ड्रेस पहनना तो बनता है। अगर वह लाल रंग की हो तब तो आप आकर्षण का केंद्र बन जाएंगी। अपने लिए फ्रॉक जैसी लाल मिनी ड्रेस खरीदें, जिसकी बाजू रिब्बन वाली हों या फिर प्रिंसेस जैसी हों। इसके साथ बालों का मेसी जूड़ा बनाएं और गले में पेंडेंट वाला हार पहन लें। इस लुक के साथ आपको हील वाली सैंडल पहननी चाहिए, जो लंबाई बढ़ाएंगी और शानदार भी दिखेंगी।



लाल मिडी ड्रेस

अगर आप क्रिसमस पर रात के वक्त किसी पार्टी में जाने वाली हैं तो लाल रंग की मैक्सी या मिडी ड्रेस चुनें। ड्रेस की लंबाई घुटनों से नीचे तक हो तो आप बेहद एलिगेंट लगेंगी। आप वेलवेट, सैटिन या फिर किसी शाही दिखने वाले कपड़े की ड्रेस चुन सकती हैं। इसके साथ काले रंग की स्टॉकिंग पहन लें और बेज या काले रंग की हील कैरी करें। लुक को निखारने के लिए गोल्डन या सिल्वर गहनें पहनना न भूलें।

लाल प्लेड स्कर्ट के साथ कार्डिगन

क्रिसमस के दौरान प्लेड प्रिंट वाले कपड़े बहुत चलन में रहते हैं। आप इस ट्रेंड को अपनाते हुए इस मौके पर प्लेड प्रिंट वाली स्कर्ट पहन सकती हैं। इसके ऊपर सफेद या किसी हल्के रंग वाला कार्डिगन कैरी करें, जो आपकी फिटिंग का हो। ऊपर से लाल रंग का मोटा स्कार्फ पहनें और पैरों में लाल रंग की स्टॉकिंग पहन लें। इसके साथ आप अपनी पसंद के बूट्स स्टाइल कर सकती हैं।

ग्रे स्वेटर ड्रेस के साथ लाल एक्सेसरीज

अगर आप पूरा आउटफिट लाल नहीं रखना चाहती हैं तो ग्रे रंग की स्वेटर ड्रेस चुनें। ऐसी स्वेटर ड्रेस चुनें, जिसकी नेकलाइन ऑफ शोल्डर हो। इसके साथ पैरों में लाल रंग की स्टॉकिंग पहनें और लाल सैंडल ही कैरी करें।

लाल रंग का स्पर्श बढ़ाने के लिए आप लाल शोल्डर बैग टांग सकती हैं और लाल रंग की इयररिंग पहन सकती हैं। इससे पूरा लुक संतुलित लगेगा और क्रिसमस का सार भी बखूबी व्यक्त होगा।

## कांतारा: चैप्टर 1 वाली रुक्मिणी वसंत की नई तैयारी, अब बॉलीवुड में खेलेंगी दमदार पारी



कांतारा: चैप्टर 1 से देशभर में मशहूर हुईं अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत अब बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। साउथ की ये स्टार अभिनेत्री अब हिंदी सिनेमा में धमाल मचाने की तैयारी में हैं। उन्होंने खुद अपने एक हालिया इंटरव्यू में ये खुलासा किया है। साउथ की मशहूर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना हिंदी फिल्मों में अपने अभिनय का कमाल दिखा चुकी हैं। उनके बाद अगला नंबर श्रीलीला का है और अब इस फेहरिस्त में रुक्मिणि भी शामिल हो गई हैं। कांतारा: चैप्टर 1 से लोकप्रिय हुईं रुक्मिणी जल्द बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। साउथ की इस अभिनेत्री ने अपनी उम्दा अदाकारी से ऋषभ शेट्टी अभिनीत कांतारा चैप्टर: 1 में खूब तारीफें बटोरी हैं। अब वो वह हिंदी सिनेमा में पारी खेलने के लिए कमर कस चुकी हैं। रुक्मिणि ने बताया कि वो फौजी माहौल में पली-बढ़ी हैं और इसी परिवेश की वजह से उनकी हिंदी भाषा में भी अच्छी पकड़ है। रुक्मिणि ने कहा, मुझे हिंदी से प्यार है, लेकिन कभी इस भाषा में अपनी भावनाएं व्यक्त करने का ज्यादा मौका नहीं मिल पाया। मैं बॉलीवुड का हिस्सा बनकर हिंदी भाषा की फिल्म में अपनी अभिनय क्षमता दिखाने के लिए बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि अब तक मुझे ऐसा करने का अवसर नहीं मिला। हालांकि, अब बहुत बातचीत चल रही है और मैं इसे लेकर बहुत-बहुत उत्साहित हूं। हालांकि, रुक्मिणि ने ये नहीं बताया कि वो किस बॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी। बता दें कि कांतारा: चैप्टर 1 ने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे। 125 करोड़ रुपये इस फिल्म का बजट था और इसने 900 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म की असली विलेन रुक्मिणी वसंत ही हैं और जब ये सच्चाई सामने आती है तो फिल्म की पूरी कहानी ही बदल जाती है। शुरुआत से ही लगता है कि फिल्म में रुक्मिणी लोगों की मदद कर रही है, लेकिन बाद में उनका असली रूप दंग कर देता है। कन्नड़ सिनेमा की बेहद हसीन अभिनेत्री रुक्मिणि वसंत 29 साल की हैं। उन्होंने साल 2019 में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी और अब वो साउथ सिनेमा की सबसे बड़ी सुपरस्टार बनने की तैयारी में हैं।



## सारा अर्जुन ने दिखाया अपना कातिलाना अंदाज ग्लैमरस अंदाज से सोशल मीडिया पर लगा दी आग

छोटी ऐश्वर्या यानी सारा अर्जुन ने पहली बार बड़े पर्दे पर हीरोइन बनकर धमाल मचा दिया है. लोग उनकी अदाओं पर लट्टू हो चुके हैं. सारा फिल्म में मेन लीड के तौर पर दिख रही हैं.

सारा अर्जुन ने वैसे तो कई विज्ञापन और फिल्मों में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया है.लेकिन, एक्ट्रेस बनकर उन्होंने अपनी अदाओं से अच्छे-अच्छों को पछाड़ दिया है. पोन्नियिन सेल्वन 2 में सारा ने ऐश्वर्या राय बच्चन के बचपन वाला किरदार निभाया था. उसी के बाद से उन्हें छोटी ऐश्वर्या का टैग मिल गया.अब तो वो बी-टाउन की बड़ी-बड़ी हसीनाओं पर भारी पड़ रही हैं. इसी बीच उन्होंने ब्लैक गाउन पहनकर खूब कहर बरपाया है. सारा को जब भी फिल्म के प्रमोशनल इवेंट्स में देखा गया तो उन्होंने एक से बढ़कर एक किलर लुक से हर किसी को हैरान कर दिया. सारा के आउटफिट में बोल्डनेस के तड़के के साथ इनोवेटिव स्टाइल की झलक भी देखने को मिल रही है. दरअसल, ब्लैक शिमरी फैब्रिक से बने गाउन को डीप नेकलाइन देकर इसमें टीज एलिमेंट जोड़ा गया. साथ ही उभरा हुआ डिजाइन लुक में आर्टिस्टिक वाइब लेकर आ रहा है. स्कर्ट पोर्शन की डीटेल्स पर गौर करें तो इसे प्लीट्स के साथ फ्लोइ रखते हुए दोनों साइड वेस्ट पर फ्लोरल पैटर्न बनाया और उसे ब्लैक बीड्स से हाइलाइट किया.

## कॉम्पैक्ट पाउडर खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान, मिलेगा सही विकल्प

**कॉम्पैक्ट पाउडर एक जरूरी मेकअप प्रोडक्ट है, जो चेहरे को सेट करने और चमक को कम करने में मदद करता है। यह मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने में भी सहायक होता है। सही कॉम्पैक्ट पाउडर का चयन करना जरूरी है ताकि यह आपकी त्वचा के प्रकार और जरूरतों के अनुसार हो। आइए जानते हैं कि कॉम्पैक्ट पाउडर खरीदते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।**



त्वचा के प्रकार को समझें

कॉम्पैक्ट पाउडर खरीदते समय सबसे पहले अपनी त्वचा के प्रकार को समझना जरूरी है। अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो मैट फिनिश वाला पाउडर चुनें, जो अतिरिक्त तेल को सोख सके। सूखी त्वचा वालों के लिए नमी देने वाला फॉर्मूला बेहतर होता है, जिससे त्वचा को नमी मिलती है। संवेदनशील त्वचा वाले लोग ऐसे पाउडर चुनें, जिनमें कम रसायन हों और जो बिना किसी जलन के आरामदायक हों।

सही रंग का चयन करें

कॉम्पैक्ट पाउडर का रंग आपके स्किन टोन से मेल खाना चाहिए ताकि यह प्राकृतिक दिखे। अपने स्किन टोन से एक या दो शेड हल्का या गहरा चुनें। इसे टेस्ट करने के लिए अपने हाथ या गर्दन पर थोड़ा-सा पाउडर लगाएं और देखें कि यह कैसे दिखता है। अगर यह आपकी त्वचा के रंग से मेल खाता है तो यही सही विकल्प होगा। इससे आपका मेकअप स्वाभाविक और सुंदर दिखेगा।

फॉर्मूला पर दें ध्यान

कॉम्पैक्ट पाउडर के फॉर्मूला पर भी ध्यान देना चाहिए। बाजार में मैट, चमकदार और हल्का फॉर्मूला उपलब्ध होते हैं। मैट फॉर्मूला तैलीय त्वचा वालों के लिए अच्छा होता है क्योंकि यह लंबे समय तक मैट फिनिश देता है। चमकदार फॉर्मूला सूखी त्वचा वालों को चमकदार लुक देता है, जबकि हल्का फॉर्मूला सभी प्रकार की त्वचा पर अच्छा लगता है और हल्का होता है। अपने मेकअप लुक और जरूरतों के अनुसार फॉर्मूला चुनें।

पैकेजिंग और ब्रश का ध्यान रखें

कॉम्पैक्ट पाउडर की पैकेजिंग भी महत्वपूर्ण होती है। ऐसी पैकेजिंग चुनें, जिसमें ब्रश और शीशा भी हो, जिससे आपको मेकअप टच अप करना आसान हो सके। इसके अलावा ब्रश की गुणवत्ता भी देखनी चाहिए। नरम और आरामदायक ब्रश आपके चेहरे पर पाउडर लगाने में मदद करेगा और मेकअप को समान रूप से फैलाएगा। इस तरह सही पैकेजिंग और ब्रश के चयन से आपका मेकअप लंबे समय तक टिकेगा और आप हमेशा ताजगी महसूस करेंगी।

कीमत और ब्रांड पर ध्यान दें

आखिरी बात, कॉम्पैक्ट पाउडर की कीमत और ब्रांड पर भी ध्यान देना चाहिए। महंगा पाउडर हमेशा अच्छा नहीं होता है इसलिए अपने बजट अनुसार सही विकल्प चुनें। अच्छी गुणवत्ता वाले ब्रांड्स जैसे लोरियल, मेबेलिन आदि भरोसेमंद होते हैं, जो आपकी जरूरतों को पूरा करते हैं। इन सभी बातों का ध्यान रखकर आप आसानी से अपने लिए सही कॉम्पैक्ट पाउडर चुन सकती हैं, जो आपके मेकअप लुक को पूरा करेगा और आपको खूबसूरत बनाएगा।

## धुरंधर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 9: 300 करोड़ का आंकड़ा पार, तोड़ा पुष्पा 2-छावा का रिकॉर्ड, बनी हाईएस्ट सेकेंड सैटरडे कलेक्शन हिंदी मूवी



धुरंधर का जलवा कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. बल्कि बढ़ते दिनों के साथ यह और भी जबरदस्त कमाई करती जा रही है. इसका सबूत है धुरंधर की रिलीज का दूसरा शनिवार. रिलीज के दिन से ही सुर्खियों में छाई इस फिल्म ने नौवें दिन (जो कि दूसरा शनिवार भी था) कमाई के मामले में जबरदस्त उछाल दर्ज किया. इसमें अब कोई शक नहीं है कि धुरंधर इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट शामिल हो गई है. साल 2025 रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना के लिए प्रोफेशनली बहुत खास रहा है. आखिरकार, उनका पहला कोलैबोरेशन धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर तूफान बनकर उभरा है. दिलचस्प बात यह है कि धुरंधर से आदित्य धर ने 6 साल बाद डायरेक्शन में वापसी की है और उन्होंने धुरंधर के साथ इस इंतजार को पैसा वसूल बनाया है. पहले हफ्ते की दमदार प्रदर्शन के बाद धुरंधर ने दूसरे वीकेंड में दमदार एंट्री की है. फिल्म ने पहले वीकेंड की अपेक्षा दूसरे वीकेंड में जबरदस्त उछाल दर्ज की हैं. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने जहां, ओपनिंग डे यानी पहले शुक्रवार को 28 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया वहीं, दूसरे शुक्रवार को इसने 32.5 करोड़ रुपये कमाए. आठवें दिन की शानदार कमाई के बाद, रणवीर सिंह की इस फिल्म ने नौवें दिन (दूसरे शनिवार) 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की. सैकनिल्क के मुताबिक, धुरंधर का नौवें दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 53 करोड़ रुपये रहा, जो वाकई एक बहुत बड़ी रकम है. इसकी अब तक की सबसे ज्यादा एक दिन की कमाई है. 9 दिनों के बाद धुरंधर का कुल कलेक्शन 292.75 करोड़ रुपये हो गया है. इस जबरदस्त नौवें दिन के साथ, धुरंधर ने अब तक का सबसे बड़ा दूसरा शनिवार भी दर्ज किया है.

## मेगास्टार चिरंजीवी की फिल्म मन शंकर वर प्रसाद गारू की शूटिंग पूरी, 12 जनवरी को संक्रांति के लिए भव्य रिलीज



मेगास्टार चिरंजीवी, ब्लॉकबस्टर हिट मशीन अनिल रविपुडी की मन शंकर वर प्रसाद गारू की शूटिंग पूरी, 12 जनवरी को संक्रांति के लिए भव्य रिलीज मेगास्टार चिरंजीवी की आगामी पारिवारिक मनोरंजन फिल्म माना शंकरा वर प्रसाद गारू, जिसे ब्लॉकबस्टर हिट फिल्मों के दिग्गज अनिल रविपुडी ने निर्देशित किया है, आकर्षक प्रचार सामग्री और ज़ोरदार प्रचार अभियान के कारण खूब चर्चा बटोर रही है। विजय वेंकटेश की अहम सहायक भूमिका वाली इस फिल्म को साहू गरापति और सुष्मिता कोनिडेला ने शाइन स्क्रीन्स और गोल्ड बॉक्स एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले निर्मित किया है, और श्रीमती अर्चना इसकी प्रस्तुति दे रही हैं। आज फिल्म के निर्माताओं ने एक भव्य कार्यक्रम आयोजित कर फिल्म की रिलीज तिथि की घोषणा की। माना शंकरा वर प्रसाद गारू की शूटिंग सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है और अब पोस्ट-प्रोडक्शन का काम तेज़ी से चल रहा है। फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो संक्रांति से ठीक दो दिन पहले है। सोमवार को रिलीज होने से फिल्म को सात दिन का लंबा वीकेंड मिलेगा, जो त्योहारों की छुट्टियों के साथ सहजता से मेल खाएगा। इस सुनियोजित रिलीज विंडो से दर्शकों की संख्या में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है और संक्रांति के दौरान फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर एक मजबूत और टिकाऊ प्रदर्शन मिलेगा। चिरंजीवी धूप का चश्मा पहने बेहद आकर्षक अवतार में नजर आ रहे हैं।

## शब्द सामर्थ्य - 259

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 258 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सिनेमाघरों में फिर उठेगा तूफान, पठान 2 का हुआ ऑफिशियल एलान




शाहरुख खान ने सालों के ब्रेक के बाद 2023 में वाईआरएफ की पठान के साथ धमाकेदार वापसी की और बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई. तब से, कई रिपोर्ट्स आई हैं जिनमें कहा गया है कि मेकर्स इसके सीक्वल, पठान 2 पर काम कर रहे हैं. हालांकि, इस बारे में कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं मिली है. लेकिन अब इस पर ऑफिशियल स्टेटमेंट आ गया है. हाल ही में शाहरुख को दुबई में एक प्रॉपर्टी ब्रांड के प्रमोशन के लिए एक इवेंट में देखा गया. इस दौरान पठान 2 के बारे में ऑफिशियल एलान किया गया.

यह कन्फर्मेशन दुबई में एक रियल एस्टेट लॉन्च में सामने आया, जहां शाहरुख खान के नाम का एक टावर लॉन्च किया गया. इस इवेंट में शाहरुख खान भी मौजूद थे. इवेंट के दौरान, स्टेज पर डेवलपर ने अनाउंस किया कि पठान 2 बन रही है.लॉन्च इवेंट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें डेवलपर ने कहा, कोई ब्लॉकबस्टर मूवी होती है तो उसका एक सीक्वल होता है, है ना? जैसे पठान. पठान 2 आ रही है. तो कोई मूवी आप देखो, तो उसका सीक्वल होगा. उनके बयान का वीडियो क्लिप तब से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. सुपरस्टार के फैंस पठान 2 को लेकर काफी उत्साहित हैं.इसी इवेंट में, किंग खान ने अपनी हाल की उपलब्धियों के बारे में बात की. इसमें एक नेशनल अवॉर्ड, लंदन में दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे का ब्रॉन्ज स्टैच्यू, और अब, उनके नाम की एक बड़ी इमारत शामिल है. उन्होंने कहा, मैं ऐसा इंसान बन गया हूं जिस पर मेरे माता-पिता स्वर्ग से गर्व से देख सकते हैं. उन्होंने इसे जिंदगी बदलने वाला पल बताया.वर्कफ्रंट की बात करें तो शाहरुख खान फिलहाल सिद्धार्थ आनंद की फिल्म किंग की शूटिंग में बिजी हैं. इस फिल्म में सुहाना खान, दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अभय वर्मा, अनिल कपूर, अरशद वारसी, रानी मुखर्जी और अन्य कलाकार शामिल हैं.इस साल किंग खान के जन्मदिन पर किंग का पहला लुक रिलीज किया गया था. डायरेक्टर ने फिल्म से सुपरस्टार का लुक जारी किया, जिसे फैंस से शानदार रिस्पॉन्स मिला. हालांकि किंग की रिलीज डेट अभी तक आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं की गई है, लेकिन रिपोर्ट्स का दावा है कि यह फिल्म अगले साल गांधी जयंती वीकेंड पर बड़े पर्दे पर आएगी.

# पूर्व मंत्री भैय्यालाल राजधानी में ले रहे स्वास्थ्य लाभ पूर्व सीएम रमन और कौशिक ने स्थिति जानी

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले की राजनीति में भैयालाल राजवाड़े का नाम केवल एक विधायक या मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक संवेदनशील जनसेवक के रूप में जाना जाता है। वर्ष 2015 में जब वे राज्य सरकार में खेल एवं श्रम मंत्री बने, तब विभाग भले ही खेल और श्रम का रहा हो, लेकिन उनका मन और कर्म स्वास्थ्य सेवा में पूरी तरह रमा रहा। वे अक्सर कहा करते थे। 'बीमारी इंसान को सिर्फ शरीर से नहीं, जेब से भी तोड़ देती है।' शायद यही सोच थी, जिसने उन्हें फाइलों और बैठकों से आगे बढ़कर सीधे जनता के दुख-दर्द से जोड़ दिया।

रायपुर स्थित उनका सरकारी बंगला धीरे-धीरे एक अनौपचारिक अस्पताल का रूप लेने लगा। कोरिया जिले ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी लोग ट्रेन पकड़कर रायपुर पहुंचते और सीधे मंत्री के बंगले का रुख करते। गरीब हो या अमीर, ग्रामीण हो या शहरी—सबके लिए उनके दरवाजे समान रूप से खुले रहते थे। रेलवे स्टेशन से बंगले तक आने-जाने के लिए गाड़ियों की व्यवस्था, फिर बंगले से अस्पताल तक इलाज के लिए वाहन—हर स्तर पर मरीजों की सुविधा का ध्यान रखा जाता था। जब



किसी मरीज के पीछे खुद मंत्री खड़े होते थे, तो इलाज में भी कोई कोताही नहीं रहती थी। डॉक्टर और अस्पताल प्रशासन भी पूरी गंभीरता और ईमानदारी से उपचार में जुट जाते थे। यही वजह रही कि भैयालाल राजवाड़े का बंगला गरीब और जरूरतमंदों के लिए 'मिनी अस्पताल' के रूप में पहचाना जाने लगा। जनता ने स्नेह और सम्मान से उन्हें एक नाम दे दिया। 'इलाज वाले बाबा '।

विडंबना देखिए कि आज वही 'इलाज वाले बाबा' स्वयं अस्वस्थ हैं। करीब एक महीने से वे रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी तबीयत में कभी सुधार होता है, तो कभी फिर बिगड़ जाती है। अभी तक वे अस्पताल से डिस्चार्ज नहीं हो पाए हैं, जिससे क्षेत्र में उनके समर्थकों और आम जनता में चिंता का माहौल है।हाल ही में उनसे मुलाकात के दौरान जब उनसे कहा गया। 'जल्दी स्वस्थ हो जाइए, अभी तो एक पंचवर्षीय और चुनाव लड़ना है,' तो वे हमेशा की तरह मुस्कराए और बोले 'मेरा और कौन सा काम है... जब तक रहूंगा, लोगों के बीच ही रहूंगा।' यह जवाब ही उनकी पूरी राजनीतिक और सामाजिक सोच को बयां कर देता है। आज जरूरत इस बात की है कि वे लोग, जिन्हें कभी भैयालाल राजवाड़े से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मदद मिली हो, जिनके इलाज में उनका सहयोग रहा हो, जिनके दुख में वे ढाल बनकर खड़े रहे हों—सभी उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करें। क्षेत्र की जनता ईश्वर से यही कामना कर रही है कि हमारे 'इलाज वाले बाबा' जल्द स्वस्थ होकर फिर उसी जिंदादिली और संवेदनशीलता के साथ लोगों के बीच लौटें और अपनी सेवा-यात्रा को आगे बढ़ाएं।

## बहरासी क्षेत्र में गजराजों की उपस्थिति और हिंसक रवैय्ये से दहशत



**जनकपुर।** एमसीबी जिले के भरतपुर ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों के आमद और उत्पात से ग्रामीणों में दहशत है। जहाँ बहरासी वन परिक्षेत्र के ग्राम बड़वार में 11 हाथियों का दल पिछले दो दिनों से डेरा जमाए हुए है। वहीं जनकपुर पार्क परिक्षेत्र के ग्राम च्युल में एक दंतेल हाथी विचरण करते हुए घरों में तोड़फोड़ कर सम्पत्ति को नुकसान पंहुचा रहा है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बड़वार निवासी एक युवक अपनी बाइक से बड़गांवकला के साप्ताहिक बाजार से वापस घर लौट रहा था, इसी दौरान गांव के नजदीक पहुंचते ही हाथियों के दल से आमना सामना हो गया, युवक ने अपनी जन बचाने बाइक छोड़कर भाग गया पर हाथियों ने बाइक में तोड़फोड़ करके लगभग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिए। उसके बाद हाथियों का दल जंगल के अंदर चले गए। इस घटना की जानकारी जैसे ही आसपास के ग्रामीणों को हुई तो गांव में दहशत व डर का माहौल बन गया है। वहीं क्षेत्र के पार्क परिक्षेत्र जनकपुर के ग्राम च्युल में एक दंतेल हाथी के आमद और उसके उत्पात मचाने से ग्रामीणों में दहशत व डर का माहौल बना हुआ है। दंतेल हाथी संजय टाइगर रिजर्व से निकलकर यहां पहुंचा है और सड़क किनारे खड़ी एक ओमनी वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया साथ ही एक घर को भी तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह दंतेल हाथी अचानक गांव में पहुंच जाता है और कभी फसल को नुकसान पहुँचाता है कभी घरों को तोड़ देता है। जिससे भरतपुर ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में हाथियों के आमद से दहशत बना हुआ है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में वाहन चालकों पर की कार्यवाही



**एमसीबी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के निर्देशानुसार जिले में मनेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध लगातार के तहत कार्रवाई की जा रही थी । इसी तारतम्य में 15.12.2025 को थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़ दीपेश सैनी के द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कलेक्टर कार्यालय के सामने में कलेक्टर कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों को जिनके द्वारा एक्ट का पालन नहीं किया जा रहा था । उनके विरुद्ध नियमानुसार के 14 प्रकरण बिना हेलमेट एवं 01 प्रकरण बिना सीट बेल्ट के तहत 7500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।।

## कलेक्टर त्रिपाठी ने कहा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष पूरे करने वाले करे आवेदन



**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने जिले के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि जो युवक-युवतियाँ 01 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, वे भी मतदाता बनने के लिए फॉर्म-6 एवं अनुलग्नक-4 (घोषणापत्र) के साथ आवेदन कर सकते हैं। ऐसे पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे अर्ह मतदाता 18 दिसंबर 2025 तक अपने आवेदन संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025-26 के अंतर्गत घर-घर गणना प्रपत्रों के संकलन के दौरान यदि किसी अर्ह निर्वाचक का नाम वर्ष-2025 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं होने के कारण गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है, तो ऐसी स्थिति में बीएलओ द्वारा संबंधित पात्र मतदाता को फॉर्म-6 एवं अनुलग्नक-4 उपलब्ध कराते हुए नाम सम्मिलित कराने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि ईआरओ द्वारा फॉर्म-5 के माध्यम से ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन हेतु नोटिस जारी करते समय आगामी अर्हता तिथियों 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2026 के लिए भी अग्रिम आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि युवा वर्ग के वे सभी निर्वाचक जो 01.10.2026 को 18 वर्ष की अर्ह आयु पूर्ण कर रहे हैं या कर चुके हैं, तथा जिनका नाम किसी कारणवश वर्तमान मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है।

## प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की हुई संभागीय बैठक



**जनकपुर।** शिक्षकों के प्रति शासन प्रशासन द्वारा उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाने से आगे की रणनीति बनाने प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ का संभागीय कार्ययोजना बैठक सूरजपुर जिला अंतर्गत जयनगर के केनापारा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर शाला परिसर में सम्पन्न हुई। यह बैठक उप प्रांताध्यक्ष दिनेश सिंह और संभाग अध्यक्ष हज़रत अली के नेतृत्व में आहूत किया गया।

उक्त बैठक को कार्यकारी संभाग अध्यक्ष गुलाब देवांगन, बोधन राजवाड़े अपने सहयोगियों के साथ आयोजित किया था। बैठक में लगभग 70 -80 शिक्षकों सहित कुछ शून्य पेंशन पर सेवानिवृत्त शिक्षक साथियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए शासन - प्रशासन के उपेक्षा पूर्ण रवैया के प्रति विरोध दर्ज कराया और 98 से गणना के साथ सकल लाभ का संकल्प दोहराया। बैठक को बगीचा के जिला अध्यक्ष श्री प्रधान, श्री पुरंदर ने संबोधित करते हुए शिक्षकों में लक्ष्य प्राप्ति पर्यन्त संघर्ष करते रहने की संकल्प दोहराते हुए उत्साह वर्धन किया। इसी क्रम में मनेंद्रगढ़ एवं कोरिया जिले के सभी पदाधिकारियों ने भी भावी रणनीतियों एवं कार्ययोजनाओं पर अपना विचार रखा। संभाग अध्यक्ष हज़रत अली जी ने क्रमोन्नति केस के अपडेट्स पर प्रकाश डालते हुए हाईकोर्ट के अपने अधिवक्ता को आनलाइन जोड़कर केस का अपडेट्स और केस की भावी रणनीति से अवगत कराने का प्रयास किया। साथ ही संगठन का कार्यकारिणी विस्तार करते हुए कुछ नए साथियों को नई जिम्मेदारी दिया गया। अंत में उप प्रांताध्यक्ष दिनेश सिंह ने भावी प्रांतीय रणनीति कार्ययोजनाओं पर विचार रखते हुए कहा कि अब जो तैयारियां चल रही हैं उनमें जनबल और धनबल दोनों की महती भूमिका रहने वाली है। ब्लाक स्तरीय पदाधिकारियों के कमजोरी के कारण आगामीं आंदोलन के बड़े कार्यक्रमों की तिथियां घोषित नहीं की जा सकी है। आगे दो बड़े कार्यक्रम किया जाना है जिसमें प्रांतीय कार रैली पुरे प्रदेश में एक ही दिन सभी जिलों से होते हुए रायपुर तक जाकर माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपा जाएगा, तथा माननीय मुख्यमंत्री की गरिमामय अध्यक्षता में सरगुजा महा सम्मेलन का कार्यक्रम किया जाना है जो कि पूर्व से प्रस्तावित है। इन प्रस्तावित कार्यक्रमों के मद्देनजर उपप्रांताध्यक्ष दिनेश सिंह ने सभी ब्लाक अध्यक्ष के साथियों से आग्रह किया कि सभी ब्लाकों में शिक्षक साथी सर्वे कार्य को जल्द पूरा करते हुए एक एक साथी से मिलते मिलाते अपने अपने ब्लाक में आर्थिक स्थिति को 15 जनवरी 2026 तक सही कर लें ताकि आगामी कदम मजबूती के साथ बढ़ाया जा सके। इस बैठक में संभाग, जिला, ब्लाक अध्यक्षों सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## सरकार की चिरायु योजना से नित्या राजवाड़े को मिला नया जीवन

**कोरिया।** कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पतरापाली निवासी नित्या राजवाड़े (उम्र 4 वर्ष 7 माह), पिता श्री बबलू राजवाड़े एवं माता श्रीमती अनिता, जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित थी। नित्या आंगनबाड़ी केंद्र पतरापानी-1 में दर्ज है। जन्म से ही नित्या को कमजोरी, जल्दी थकान, सांस लेने में तकलीफ तथा बार-बार सर्दी-खांसी की समस्या रहती थी। चिरायु टीम द्वारा किए गए स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सक द्वारा जांच कर जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर रेफर किया गया। जिला चिकित्सालय में शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच उपरांत जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि हुई, जिसके बाद उच्च संस्थान एम.एम.आई. नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर के लिए रेफर किया गया। चिरायु योजना के अंतर्गत नित्या को नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर में भर्ती कराया गया। आवश्यक जांचों के पश्चात सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। उपचार के बाद नित्या को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। चिरायु योजना के अंतर्गत नित्या का संपूर्ण उपचार पूर्णतः निःशुल्क किया गया। वर्तमान में नित्या राजवाड़े पूरी तरह स्वस्थ है। नित्या के माता-पिता अत्यंत प्रसन्न हैं और उन्होंने चिरायु टीम, पटना सहित स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उनकी बेटी को नया जीवन दिया है।

## नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ता उत्साहित



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी व बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर जिले भर में पार्टी कार्यकताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के दायित्व ग्रहण करने पर नितिन नबीन को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त की है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि नितिन नबीन ने प्रदेश सह प्रभारी, लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश प्रभारी रहते हुए संगठन कौशल और रणनीतिक मोर्चे पर पार्टी के प्रदेशभर के कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार कर भाजपा को लगातार विजयी बनाने में अहम् भूमिका निभाई और अब इस भूमिका का राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार होना सुनिश्चित है। जिलाध्यक्ष तिवारी ने कहा कि नितिन नबीन जमीन से जुड़े राजनीति के प्रतीक है और इसलिए जनता जनार्दन के साथ-साथ पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से उनका जीवंत सम्पर्क है।

## धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ी के खिलाफ प्रबंधक पर भड़के जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह



**कोरिया बैकुंठपुर।** धान खरीदी केंद्र रजौली में किसानों के साथ हो रही गंभीर अनियमितताओं को लेकर सोमवार को जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह का गुस्सा फूट पड़ा। मौके पर पहुंचकर निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र प्रबंधक पर खुलेआम नियमों की अनदेखी करने और किसानों का शोषण करने के गंभीर आरोप लगाए। सुरेश सिंह ने कहा कि शासन द्वारा धान खरीदी के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, इसके बावजूद धान खरीदी केंद्र में मनमानी ढंग से खरीदी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि किसानों से जबरन धान की छल्ली चढ़वाई जा रही है, जबकि शासन के निर्देशों के अनुसार ऐसा करना नियम विरुद्ध है। इसके साथ ही प्रति बोरी 40 किलो आठ सौ ग्राम की जगह पूरा पूरा 41 किलो धान की तौल कराई जा रही है, जिससे सीधे-सीधे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस बात को लेकर किसानों में भी भारी नाराजगी देखी गई। जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह ने मौके से ही सोनहत एसडीएम को पूरे मामले की जानकारी दी और कहा कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने दोषी प्रबंधक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, खरीदी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने और भविष्य में ऐसी गड़बड़ियों पर पूर्ण रोक लगाने की मांग की। सुरेश सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रशासन किसानों के हितों की रक्षा के लिए कड़ी निगरानी के आदेश दे चुका है, इसके बावजूद यदि खरीदी केंद्र के प्रबंधक अपनी मनमानी चला रहे हैं तो यह गंभीर मामला है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों के अधिकारों से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो किसान हित में आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। मामले की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले में हलचल मच गई है। सूत्रों के अनुसार, धान खरीदी केंद्र रजौली में हुई शिकायतों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। किसानों को अब प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार है।

# कोरिया रियासत की दूरदर्शिता से बसा एक योजनाबद्ध शहर

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया स्टेट के तत्कालीन प्रतापी राजा रामानुज प्रताप सिंह देव की दूरदर्शिता और प्रशासनिक कुशलता का जीवंत उदाहरण है मनेंद्रगढ़ शहर। वर्ष 1925 में राजा साहब ने बाहर से विशेषज्ञों को बुलाकर एक सुव्यवस्थित नक्शा तैयार कराया और अपने मझले पुत्र मनेंद्र प्रताप सिंह देव के नाम पर इस नगर की स्थापना की। उस दौर में जब अधिकांश नगर प्राकृतिक रूप से या बेतरतीब ढंग से बसते थे, तब मनेंद्रगढ़ को एक योजनाबद्ध शहर के रूप में विकसित किया गया, जो आज भी इसे सरगुजा संभाग के अन्य नगरों से अलग पहचान देता है।

मनेंद्रगढ़ की स्थापना से पहले यह क्षेत्र 'कारी माटी' के नाम से जाना जाता था। घने जंगलों, उपजाऊ भूमि और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस स्थान को राजा रामानुज प्रताप सिंह देव ने नगर बसाने के लिए चुना। सुव्यवस्थित सड़कों, निर्धारित बाजार क्षेत्रों, आवासीय इलाकों और प्रशासनिक केंद्रों के साथ मनेंद्रगढ़ को बसाया गया, जिससे यह क्षेत्र जल्द ही व्यापार और प्रशासन का प्रमुख केंद्र बन गया। इतिहास में एक रोचक प्रसंग भी दर्ज है कि वर्ष 1925 में वर्तमान मनेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन के समीप राजा साहब द्वारा एक शेर का शिकार किया गया था। यह घटना उस समय इस क्षेत्र में मौजूद घने जंगलों और वन्य जीवन की पुष्टि करती है। बाद के वर्षों में जैसे-जैसे नगर का विकास हुआ, जंगल सिमटते गए और मनेंद्रगढ़ एक सुरक्षित व सुसंगठित शहरी क्षेत्र के रूप में उभरने लगा। मनेंद्रगढ़ के बसने का सबसे बड़ा प्रभाव व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ा। पहले पेंड्रा क्षेत्र से होने वाला अधिकांश व्यापार धीरे-धीरे मनेंद्रगढ़ की ओर स्थानांतरित हो गया। रेलवे लाइन की सुविधा, बेहतर सड़क व्यवस्था और सुनियोजित बाजारों के कारण व्यापारी वर्ग ने मनेंद्रगढ़ को अपना नया ठिकाना बनाया। बड़े-बड़े आढ़तिया सेठ, व्यापारी और कारोबारी यहां आकर बसे, जिससे नगर की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए। राजा रामानुज प्रताप सिंह देव की नीतियों का परिणाम यह रहा कि मनेंद्रगढ़ केवल एक आवासीय नगर न रहकर शिक्षा, व्यापार और संस्कृति का केंद्र बन गया। यहां विभिन्न समुदायों का शांतिपूर्ण सहअस्तित्व देखने को मिलता है, जिसने नगर को सामाजिक रूप से भी समृद्ध बनाया।

आज भी मनेंद्रगढ़ की चौड़ी सड़कें, व्यवस्थित बाजार और नियोजित कॉलोनियां उसके सुनियोजित विकास की कहानी कहती हैं। बाल्मिक दुबे, वनस्थली कैलाशपुर, कोरिया (छत्तीसगढ़) के अनुसार, मनेंद्रगढ़ का इतिहास केवल एक नगर की स्थापना की कथा नहीं है, बल्कि यह उस दूरदर्शी सोच का प्रतीक है, जिसने अपने समय से आगे बढ़कर विकास की नींव रखी। सरगुजा संभाग में शायद ही कोई अन्य शहर हो, जो इतनी योजना और सोच के साथ बसाया गया हो। आज मनेंद्रगढ़ अपनी ऐतिहासिक विरासत, व्यापारिक महत्त्व और सुव्यवस्थित ढांचे के कारण पूरे क्षेत्र में विशिष्ट स्थान रखता है। यह नगर कोरिया रियासत की गौरवशाली परंपरा और राजा रामानुज प्रताप सिंह देव की विकासपरक सोच का स्थायी स्मारक है।

## जिला प्रशासन कर रहा है प्रत्येक हितग्राही से सतत संवाद

**कोरिया।** कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के शीघ्र एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। योजना की प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन प्रत्येक हितग्राही से सीधे संवाद कर रहा है। इसी क्रम में गत दिवस कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिलेभर के सरपंचों, सचिवों एवं तकनीकी सहायकों की बैठक लेकर आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की थी तथा सभी अधिकारियों को हितग्राहियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने विकासखण्ड बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरिया का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की तथा उन्हें शीघ्र आवास निर्माण पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया। डॉ. चतुर्वेदी ने उन हितग्राहियों से भी संवाद किया, जिन्हें योजना अंतर्गत राशि प्राप्त हो चुकी है, परंतु आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया गया है। उन्होंने ऐसे हितग्राहियों को अनावश्यक टालमटोल एवं लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत देते हुए स्पष्ट किया कि समयबद्ध आवास निर्माण न करने की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने हितग्राहियों को समझाइश दी कि समय पर मकान निर्माण कर योजना का पूर्ण लाभ उठाएं और सुरक्षित एवं सुखद जीवन व्यतीत करें।

# प्रदेश का पहला बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केंद्र बना सहारा

**कोरिया।** विष्णु देव साय सरकार के दो साल में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी सड़क, ग्रामीणों, महिलाओं किसानों, युवाओं की बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं शुरु की है, जिसका परिणाम बेहद सकारात्मक रहा।

इसी कड़ी में कोरिया जिले के जिला अस्पताल परिसर बैकुंठपुर में करीब ढाई माह पूर्व शुरू किया गया प्रदेश का पहला बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केंद्र अब वृद्धजनों के लिए सच्चा सहारा बन गया है। उम्र बढ़ने के साथ बढ़ती पीड़ा, चलने-फिरने में कठिनाई, भीड़ में अस्पताल की लाइन में लगना और छोटे-छोटे उपचारों के लिए घंटों इंतज़ार जैसी परेशानियों को देखते हुए इस विशेष केंद्र की स्थापना की गई थी। परिणामस्वरूप, आज यह केंद्र जिले के सैकड़ों बुजुर्गों को राहत देने वाला भरोसेमंद स्थान बन चुका है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में यह केंद्र खोला गया। उन्होंने कहा कि सुशासन तभी सार्थक होता है, जब



उसका लाभ प्रत्यक्ष रूप से जरूरतमंदों तक पहुँचे। यह केंद्र उसी उद्देश्य की पूर्ति कर रहा है और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। इस केंद्र का शुभारंभ 1 अक्टूबर, अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बैकुंठपुर विधायक भइया लाल राजवाड़े द्वारा किया गया था। अक्टूबर से अब तक 889 बुजुर्ग यहाँ जांच और उपचार के लिए पहुँच चुके हैं, जिनमें 371 महिलाएं और 518 पुरुष शामिल हैं। यह बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केंद्र अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है,



जिनमें ट्राईसाइकिल, बैलेंस बोर्ड, फुट मसाजर, पैरेलल बार, स्टेयर क्लाइंबिंग मशीन, ट्रेडमिल, मसाज चेयर, ट्रैक्शन मशीन और वेक्स बाथ जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। इसके अलावा फिजियोथेरेपी और पंचकर्म जैसी उपचार सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब तक करीब 300 बुजुर्ग पंचकर्म उपचार का लाभ ले चुके हैं। केंद्र के खुलने से बुजुर्गों को अब उपचार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। शांत वातावरण, सहयोगी स्टाफ और समय पर मिल रही सेवाएं उन्हें आत्मविश्वास और राहत दे रही हैं। 77 वर्षीय श्री एस.डी. सिंह ने बताया कि वे एक माह से यहां आ रहे हैं और उपचार से काफी राहत मिली है। वातावरण भी बेहद सहयोगी है, जिससे मानसिक सुकून मिलता है। 71 वर्षीय श्री पी.एस. दावड़े ने कहा कि पैर में जलन की समस्या से परेशान थे। लगभग 10-12 दिन के उपचार से उन्हें काफी फायदा हुआ है। 76 वर्षीय श्री बी.एल. सोनी ने बताया कि कंधे के दर्द से लंबे समय से परेशान थे। डॉक्टरों की सलाह पर फिजियोथेरेपी शुरू की और अब दर्द में काफी कमी आई है। बुजुर्गों ने केंद्र की सेवाओं और प्रशासन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि वास्तव में वही शासन, सुशासन का दावा कर सकता है, जो बुजुर्गों की पीड़ा समझे और उसके समाधान के लिए संवेदनशील कदम उठाए। यह केंद्र उन वरिष्ठ नागरिकों के लिए अमूल्य बन गया है, जो बढ़ती उम्र के साथ होने वाली शारीरिक परेशानियों से जूझ रहे थे। प्रशासन की यह पहल जिले व राज्य के लिए एक प्रेरक मॉडल बनकर सामने आई है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क में बड़ी राहत

**कोरिया।** राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों को राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नवीन गाइडलाइन दर वर्ष 2025-26 को दिनांक 20 नवंबर 2025 से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू कर दिया गया है। यह गाइडलाइन कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, छत्तीसगढ़, रायपुर के पत्र क्रमांक/1916/गा/ला./2025-26 दिनांक 19 नवम्बर 2025 के आधार पर केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित की गई है।

जिला पंजीयक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन गाइडलाइन में विगत 7, 8 वर्षों से चली आ रही विसंगतियों को दूर करते हुए कई जनहितैषी सुधार किए गए हैं, जिससे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सीधा लाभ मिला है। नवीन गाइडलाइन के तहत ग्रामीण एवं पेरी-अर्बन क्षेत्रों में सभी प्रकार की भूमियों कृषि, गैर-कृषि, व्यावसायिक एवं परिवर्तित भूमि के लिए वर्गमीटर दर को समाप्त कर दिया गया है। अब भूमि का बाजार मूल्यांकन भूमि के स्वरूप के अनुसार मुख्यमार्ग एवं मुख्यमार्ग से अंदर की भूमि के लिए हेक्टेयर दर से किया जाएगा। पूर्व में प्रचलित गाइडलाइन वर्ष 2019-20 के अनुसार 500 वर्गमीटर तक के छोटे भूखण्डों का मूल्यांकन वर्गमीटर दर से किया जाता था, जिससे बाजार मूल्य अधिक आंका जाता था और आम नागरिकों को अधिक स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क का भुगतान करना पड़ता था। उप पंजीयन कार्यालय, बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम तमजीरा के एक पंजीबद्ध दस्तावेज से नवीन गाइडलाइन का लाभ स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। ग्राम तमजीरा, तहसील बैकुंठपुर में 0.04 हेक्टेयर (400 वर्गमीटर) भूमि के पंजीयन (दस्तावेज क्रमांक ष्त्त-2025-26-190-1-900, दिनांक 26/11/2025) में पूर्व गाइडलाइन वर्ष 2019-20 के अनुसार वर्गमीटर दर 275 रूपए से बाजार मूल्य 1,08,000 रूपए निर्धारित होता था।

वहीं नवीन गाइडलाइन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत हेक्टेयर दर से मूल्यांकन करने पर बाजार मूल्य घटकर 60,000 रूपए रह गया। इस प्रकार बाजार मूल्य में 48,000 रूपए की कमी हुई, जिसके फलस्वरूप स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क में भी उल्लेखनीय राहत मिली। पुरुष क्रेता को लगभग 4,550 रूपए तथा महिला क्रेता को शासन द्वारा दिए गए 1 प्रतिशत अतिरिक्त छूट के कारण लगभग 5,088 रूपए का प्रत्यक्ष लाभ हुआ। जिला पंजीयक कार्यालय, कोरिया द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि नवीन गाइडलाइन दर वर्ष 2025-26 के संबंध में किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। वर्तमान में लागू गाइडलाइन पूरी तरह जनहितैषी है और इससे आमजनों को स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क में वास्तविक राहत मिल रही है।

# रेलवे क्रॉसिंग के पास इंदिरा नगर के लोगों का हल्ला बोल

## रेलवे ने दिया समय, लोग चाहते हैं व्यवस्था

**कोरबा।** भारतीय रेलवे ने कोरबा में रेल लाइन के विस्तार को लेकर कुछ इलाकों का सर्वे किया है। इसलिए रेलवे अब अपनी जमीन खाली करने के लिए तैयारी कर रहा है। पिछले दिनों इंदिरा नगर दुर्गा रोड के लोगों को इस बारे में नोटिस दिए गए थे। क्षेत्र में मार्किंग करने से हड़कंप मची है। यहां के लोगों ने मुख्य शहर में रेलवे क्रॉसिंग के पास धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।



इन लोगों ने मौके पर संभावित कार्रवाई का विरोध किया। उनकी मांगे की रेलवे को इतने साल कितने के बाद अपनी जमीन की चिंता क्यों हुई। वे क्षतिपूर्ति के साथ नया विकल्प भी देने की मांग कर रहे है। आज सुबह प्रदर्शन करने के लिए काफी संख्या में लोग यहां पर इकट्ठे हुए। उन्होंने यहां से गुजरने वाली गाड़ियों को रोकने के साथ अपने तेवर दिखाये। इंदिरा नगर क्षेत्र में 250 ऐसे कच्चे पक्के मकान में रहने वाले लोगों को पिछले दिनों रेलवे की ओर से नोटिस जारी किया गया था। मौजूदा स्थिति में 90 मामलों में मकान को तोड़ने की कार्रवाई की बात कही गई। संबंधितों को इस बारे में याद दिलाया गया और चिन्हित प्रकरण में मार्क कर दिया गया है जिससे लोग घबराए हुए हैं। इन लोगों ने एक दिन पहले रेलवे स्टेशन पहुंचकर नाराजगी दर्ज कराई। वे रेलवे के अधिकारियों से ही राहत चाहते हैं।

जानकारी मिली है कि संबंधित लोगों को अपनी व्यवस्था करने के लिए रेलवे की ओर से एक सप्ताह का समय दिया गया है। दूसरे और किसी विकल्प के बारे में बात नहीं हुई है। रेल अधिकारी का कहना है कि नोटिस देने की कार्रवाई एक महीना पहले की गई थी। रेलवे को अपने अगले काम करना है इसलिए कोरबा में इस क्षेत्र की जमीन को हासिल करेगा। जो जमीन उसकी है, वह बहुत पहले से हैं। वहां तक इंडियन रेलवे के खंबे लगे हुए हैं। इसके बावजूद कई लोग आसपास में काबिज हो गए, इसमें उनकी गलती है। समस्याओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय लोगों ने मुख्य मार्ग के पास धरना प्रदर्शन करते हुए आवागमन को रोकने का प्रयास किया।

### अंडरपास का काम हो रहा शुरू

दूसरी और कोरबा में प्रथम रेल अंडरपास का काम शुरू होने को है। सेतु निगम के द्वारा टेंडर की कार्रवाई पूरी कर दी गई है और रायपुर के शिला कंस्ट्रक्शन को इसका काम मिला है। इस मामले में 90 से अधिक प्रभावित लोगों को इसी वर्ष मुआवजा देने की कार्रवाई प्रशासन की ओर से की जा चुकी है। अंडरपास के दायरे में आने वाली अधिकांश परिसंपत्ति को मौके से हटा दिया गया है जबकि कुछ विवादित प्रकरणों में जल्दी कार्रवाई करने के संकेत दिए गए हैं। इस क्षेत्र में नगर निगम के द्वारा पाइपलाइन शिफ्टिंग का काफी कम कर लिया गया है । जबकि नहर पुल के नीचे एक काम करने के लिए अनुमति बाकी है।

# नीति आयोग की राशि में गड़बड़ी पर पंचायत सचिव निलंबित

## सरपंच और सचिव से होगी वसूली की कार्रवाई

**कोरबा।** कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नीति आयोग द्वारा ग्रामीण विकास के लिए जारी की गई राशि में गंभीर अनियमितता के मामले प्रकाश में आ रहे हैं । जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने लालपुर के सचिव को ऐसे ही एक मामले में निलंबित किया है। वही अनुविभागी दंडाधिकारी को जांच रिपोर्ट भेज कर कहा गया है कि मामला गबन का है इसलिए सरपंच और सचिव से रिकवरी की जाए ।

जानकारी में कहा गया कि ग्राम पंचायत लालपुर, जनपद पंचायत पोड़ीउपरोड़ा में 15वें वित्त आयोग की राशि का दुरुपयोग किया गया है। जिला पंचायत कोरबा द्वारा कराई गई जांच में वित्तीय अनियमितता पाए जाने के बाद वर्तमान सरपंच धरमेश्वर सिंह ओराम से एक लाख रुपये की वसूली के आदेश जारी किए गए हैं। जिला पंचायत कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, ग्राम लालपुर निवासी जगेश्वर प्रसाद राज द्वारा की गई शिकायत के आधार पर जांच कराई गई थी। शिकायत में आरोप था कि ग्राम पंचायत लालपुर में पूर्व सरपंच श्रीमती संतोषी नेटी, वर्तमान सरपंच धरमेश्वर सिंह ओराम एवं सचिव मोहम्मद हसन अली द्वारा 15वें वित्त की राशि का गबन एवं अनियमित व्यय किया गया है। जांच समिति की रिपोर्ट में कुल 8 लाख 64 हजार 353 रुपये की वित्तीय अनियमितता प्रमाणित पाई गई। रिपोर्ट के अनुसार, सरपंच धरमेश्वर सिंह ओराम के कार्यकाल में सीसी रोड निर्माण कार्य में 2 लाख रुपये का भुगतान किया गया, जिसमें से 1 लाख रुपये की राशि अनियमितता पाई गई। बताया गया की सीसी रोड का कार्य 8 लख रुपए से भी ज्यादा राशि का था। लेकिन कामकाज इस आधार पर नहीं कराया गया। इस आधार पर छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 92 के तहत वर्तमान सरपंच धरमेश्वर सिंह ओराम से 1 लाख रुपये की वसूली के लिए प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पोड़ीउपरोड़ा को प्रेषित किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों को सूचना देने के निर्देश दिए हैं। मामले के सामने आने के बाद पंचायत स्तर पर हड़कंप मचा हुआ है और आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## कोयला कामगारों की समस्याओं पर होगी चर्चा

**कोरबा।** आज एसकेएमएस और एसईसीएल प्रबंधन के मध्य आईआर की वार्ता बिलासपुर मुख्यालय में आयोजित की गई है। जिसमें मेनपावर बजट में हुई गलतियों एवं समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। खदान पहुंच मार्ग के अलावा पदोन्नि के मामले को सामने रखा जाएगा। ज्ञातव्य हैकि हर तीन माह में आईआर की वार्ता बिलासपुर मुख्यालय में आयोजित की जाती है। एरिया स्थल पर जो मामले निपट नही सकते उसे मुख्यालय के सामने रखा जाता है। वार्ता के लिए मनीष सिंह, धर्माराव, विनोद यादव, अजय राठौर, दीपक उपाध्याय , एलपी चंद्रा, अमृत साहू बिलासपुर के लिए रवाना हुए है। यहां पर पदोन्नति के मामले को जोर शोर से रखा रचाा जाएगा। क्योकि पदोन्नत होने वाले कामगारों के लिए अलग बजट तैयार करना पड़ता है। उसी बजट के आधार पर कोयला कामगारों के वेतन में बढ़ोत्तरी होती है।

# खतरनाक लोनर पहुंचा सोनाईपुर, खरही को पहुंचाया नुकसान ग्रामीणों को किया गया अलर्ट

**कोरबा।** बिलासपुर वनमंडल के सीपत रेंज में एक सप्ताह तक विचरण करने के बाद खतरनाक लोनर हाथी अब पाली रेंज के खोंदरा जंगल होते हुए हाथीबाड़ी परिसर के ग्राम सोनाईपुर पहुंच गया है। खतरनाक हाथी के क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने अलट जारी करते हुए ग्रामीणों से कहा है कि वे रात में जंगल की ओर न जाएं तथा घर में ही रहें। बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखें। क्षेत्र में मौजूद हाथी का वीडियो अथवा सेल्फी लेने की कोशिश न करें।ऐसा करना खतरनाक हो सकता है। ज्ञात रहे लोनर हाथी ने सीपत रेंज में अपनी मौजूदगी के दौरान एक महिला पर हमला कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। क्षेत्र में दहशत का माहौल था। हाथी एक सप्ताह तक यहां के जंगल में डेरा डालने के बाद आगे मूवमेंट किया और पाली रेंज के खोंदरा जंगल होते हुए पहले पोटापानी फिर बीती रात चैतमा रेंज के हाथीबाड़ी परिसर स्थित ग्राम सोनाईपुर पहुंच गया। हाथी ने यहां पहुंचते ही तीन ग्रामीणों के खलिहान में रखे धान की खरही को नुकसान पहुंचाया।



तत्पश्चात् जंगल में डेरा डाल दिया है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन अमला मौके पर पहुंचकर रात में लोनर द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ निगरानी में जुट गया है। वहीं आसपास के ग्राम में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सचेत करने का काम भी शुरू कर दिया है। इससे पहले दंतैल हाथी कोरबा जिले के कनकी क्षेत्र से छातापाठ जंगल पंतोरा पहुंचा था और वहां से होते हुए सीपत रेंज बिलासपुर पहुंच गया था। हाथी ने कटबितला गांव में भी एक ग्रामीण को घायल किया था। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक चूंकि लोनर हाथी काफी आक्रामक है, अत: विभाग इसे लेकर विशेष सावधानी बरत रहा है। ग्रामीणों को जंगल न जाने की बार-बार चेतावनी दी जा रही है।

## बरेठ समाज में होगा चुनाव

**कोरबा।** बरेठ समाज जिला परिक्षेत्र का चुनाव होगा। इसके लिए संभागीय समिति तारीख तय करेगा। जिलाध्यक्ष मिलाप राम ने बताया कि सभी ईकाईयों में चुनाव हो चुके है। दीपका में सुरेश बरेठ, बालको में गिरधारी बरेठ, रजगामार मोहन कर्ष, बल्गी में नंद कुमार सहित अन्य ईकाईयों में अध्यक्ष चुन लिए गए है। संगठन को आगे बढ़ाने के लिए आने वाले दिनों में जिला अध्यक्ष का चुनाव होगा। ईकाई क्षेत्र के पदाधिकारी चुनाव का इंतजार कर रहे है। पूर्व जिलाध्यक्ष अध्यक्ष संतोष कर्ष का भी कार्यकाल अच्छा रहा है। उनके कार्यकाल में किए गए काम काफी उल्लेखनीय थे। सभी ईकाईयों में संगठन काफी मजबूत हुआ है। युवक युवती परिचय सम्मेलन के अलावा ईकाईयों में लगातार बैठक होती रही है। आने वाले दिनों में समाज के सभी कार्यकर्ता अपना योगदान देगें।

## पुलिस जांच जारी

**कोरबा।** जिले की दीपका पुलिस ने कोयला तस्करी के मामले में जांच को जारी रखा है। पिछले दिनों 333 टन कोयला के साथ तीन वाहन जब्त किए गए थे। अब इसमें नई जानकारी मिली है।

# पीएनसी में रोजगार चाहिए विस्थापितों को



## कुसमुंडा क्षेत्र में आए दिन प्रदर्शन

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कुष्मांडा क्षेत्र में आउटसोर्सिंग पर काम कर रही कंपनियां के सामने आए दिन प्रदर्शन का दौर जारी है। मंगलवार को सुबह पीएनसी कंपनी के परिसर में रोजगार और दूसरी सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन हुआ।

यहां पर भी प्रदर्शन करने वाले आसपास के भूस्थापित और कुछ अन्य लोग बताए गए हैं। इन सभी की एक ही मांग है कि उन्हें इस कंपनी में रोजगार दिलाया जाए। प्रदर्शन की जानकारी पहले से प्रबंधन और पुलिस को थी इसलिए उसने सुरक्षा के स्तर पर पर्याप्त इंतजाम किया ताकि नियंत्रण किया जा सके। खबर के अनुसार कंपनी ने नियोजन की वर्तमान स्थिति के बारे में संबंधितों को जानकारी दी। कुछ देर तक यहां हो हल्ला जारी रहा और फिर संबंधित लोगों को चलता कर दिया गया। याद रहे 2 दिन पहले ही नीलकंठ प्राइवेट लिमिटेड ने इसी प्रकार के झंझट को देखते हुए अपने कैंपस के बाहर नो वैकेंसी का बोर्ड लगा दिया। जबकि अनधिकृत रूप से किसी के भी प्रवेश को बाधित किया गया है। विभिन्न परियोजनाओं में ओवर बर्डन के अलावा ट्रांसपोर्टिंग जैसे कार्यों में निजी कंपनियों को मौके दिए गए हैं। कंपनी के द्वारा ग्लोबल टेंडर के साथ इस प्रकार के कार्य आवंटित किए गए हैं , ऐसे में उन्हें यहां पर अस्थिर करने की कोशिश में कार्यवाही करनी ही है।

# कार की ठोकर से युवक घायल, मामला दर्ज

**कोरबा।** नशा की हालत में कार चला कर युवक को चोटिल करने और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त कर देने वाले चालक की बातों पर भरोसा कर लेना महंगा साबित हो रहा है। अब वह राहत पाने के लिए न सिर्फ चक्कर काट रहा है बल्कि कार का मालिक और चालक पुलिस को भी छका रहे हैं। गाड़ी बनवाने और इलाज का खर्च देने का वादा कर अब यह लोग सामने ही नहीं आ रहे हैं। पीड़ित को दोहरी मार तब पड़ी जब मुलाहिजा करने के लिए डॉक्टर को 3000 रुपये नगद देना पड़ा। अंतत: काफी इंतजार के बाद अब पीड़ित ने कार चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दिया है क्योंकि वह इलाज तो दूर बाइक की मरम्मत भी नहीं करा रहा है।

यह घटना 11 दिसम्बर 2025 की रात करीब 9 बजे सीएसईबी पुलिस सहायता केन्द्र के अंतर्गत तुलसी एजेंसी टीवीएस शोरूम के पास हुई थी। विपरीत साइड से आ रही मारुति बोलेनो कार क्रमांक सीजी 12 बीएन 8634 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर बाइक क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 1172 पर सवार पवन चौहान को ठोकर मार दिया। पवन की बाइक पूरी डैमेज हो गई और दोनों पैर में चोट आई। पवन ने बताया कि हादसे के वक्त बलेनो ड्राइवर ने फुल ड्रिंक किया हुआ था। टीपी नगर के एक निजी अस्पतालल से एक्स-रे और चेकअप कराया गया। कार ड्राइवर ने बाइक मरम्मत का पूरा खर्चा उठाने का वादा किया इसलिए घायल पवन ने कोई पुलिस कार्रवाई नहीं की।

इधर, कार मालिक अथवा चालक ने कोई राहत प्रदान नहीं की और न ही बाइक का मरम्मत कराया।

## आत्मनिर्भर भारत को लेकर किया जा रहा छात्रों को जागरूक

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा आत्मनिर्भर भारत को लेकर छात्रों को जागरूक करने का काम शुरू किया गया है जिसके तहत स्कूलों में जाकर भाजपाई छात्रों के सामने विचार रख रहे है। साडा कन्या स्कूल में आज एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें आत्मनिर्भर भारत अभियान के जिला संहयोजग अजय विश्वकर्मा, सहसयोजग हरीश थरवानी , मंजू सिंह, राजेश राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहेगें। इसके पहले भी एनसीडीसी स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें मंजू सिंह ,प्रकाश अग्रवाल सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद थे। अब क्षेत्र के सभी स्कूलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। इसके अलावा भाजपाईयों के द्वारा सभी मंडलो में अलग से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। कटघोरा में अभिषेक गर्ग, शमजीत सिंह, बालको में देवेन्द्र यादव ,जय राठौर, संपद यादव,राजा शर्मा, करतला में रामकुमार गबेल , कोरबा में योगेश मिश्रा सर्वमंगला नगर मंडल मनीष मिश्रा, दर्री में मनोज लहरे, सक्ती केन्द्रो में पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रहे है।



नगर पालिका दीपका के वार्ड क्रमांक 09 में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने के उद्देश्य से राम नाम लेखन महायज्ञ के अंतर्गत पुस्तिका वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड के नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में पार्षद सुजीत सिंह एवं युवा नेता मनोज दुबे ने विशेष भागीदारी निभाई।

## नवगठित कार्यकारिणी ने ली शपथ

# मनक बोले- संगठित करेंगे साहू समाज को

**कोरबा।** नवगठित महानगर साहू संघ की कार्यकारिणी ने आज एक कार्यक्रम में शपथ ग्रहण की। डॉ. राजेन्द्र साहू (अस्थि रोग विशेषज्ञ), इंजी, अरविंद साहू आर्किटेक, दिनेश साहू पूर्व जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती योगेश्वरी साहू पूर्व जिला उपाध्यक्ष, महारथी साहू पूर्व तहसील अध्यक्ष पोड़ीउपरोड़ा, धर्मेन्द्र साहू अध्यक्ष, संतोष साहू सचिव तहसील हरदीबाजार, नगर निगम के पार्षद सुषमा साहू फिरत - साहू धनश्री साहू, गिरधारी लाल साहू, पूर्व प्रदेश - पदाधिकारी, धनीराम साहू, पूर्व महासचिव, भुवनलाल -पूर्व अध्यक्ष अतिथि थे।




नव नियुक्त अध्यक्ष मनकराम साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष बालाराम साहू उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष रितेश कुमार साहू उपाध्यक्ष (महिला) श्रीमती पद?मिनी साहू, - संगठन सचिव मदन गोपाल साहू संगठन सचिव (महिला) श्रीमती सुन्द्रिका साहू, महासचिव नरेन्द्र कुमार साहू, संयुक्त महासचिव प्रेमलाल साहू महामंत्री संतुप्रसाद साहू, संयुक्त महामंत्री अमोली साहू, सचिव पुनीराम साहू, सहसचिव दीपक कुमार साहू, कोषाध्यक्ष मुन्ना साहू, सह कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार साहू, मिडिया प्रभारी / सलाहकार रविन्द्र साहू को डॉ. साहू ने पद की शपथ दिलाई। अतिथियों का स्वागत चितरंजन साहू, रामलाल साहू श्रीमती कमला साहू, सविता साहू, अंजू साहू, नंदिनी साहू, रजनी साहू ने किया। अतिथियों ने समाज को संगठित होकर काम करने हेतु आव्हान किया। प्रतिमाह नियमित रूप से संगठन का बैठक होना नियत किया गया है। अध्यक्ष मनक राम साहू ने अपने उद्बोधन में सभी वरिष्ठजनों एवं समाज के महिलाओं एवं युवाओं को साथ लेकर काम करने की बात कही। कार्यक्रम में समाज के काफी लोग उपस्थित थे।

**आवश्यकता है**

**विजय ज्वेलर्स जांजगीर में कार्य करने हेतु लड़के तथा लड़कियों की आवश्यकता है। स्थानीय व्यक्ति एवं जानकार व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी।**

**संपर्क करें**

**98261 06854**

**99816 31001**

## प्रभात फेरी के साथ श्रीराम का जयघोष



कोरबा जिले में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के द्वितीय प्रतिष्ठा दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। सभी क्षेत्रों में वातावरण निर्माण की कोशिश की जा रही है। इसी श्रृंखला में मातृशक्ति के द्वारा बुधवारी नायर मोहल्ला में प्रभात फेरी का सिलसिला शुरू किया गया। बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं की भागीदारी इस कार्यक्रम में दर्ज हो रही है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com